तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, सोमवार, 24 नवम्बर 2025
[ अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज ]

4 खोई गाय को ढूंढने टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में पहुंचे ग्रामीण की हाथियों ने ली जान



SWAMI VIVEKANAND UNIVERSITY
SIRONJA, SAGAR - (M.P.)
EDUCATION
D.Ed. B.Ed. B.Ed. (Part Time 3 Yrs)
B.Ed + M.Ed (Integ. 3 Yrs)
B.A + B.Ed (Integ. 4 Yrs)
B.P.Ed., M.P.Ed., M.Ed
CAMPUS : N.H.26, NARSINGPUR ROAD, SIRONJA, SAGAR (M.P.)
सिटी ऑफिस - द्वितीय तल, निगम टॉवर सिसोदिया कॉलोनी, एक्सवेंज रोड, गुना (म.प्र.)
8839281593, 9111656144

आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग (4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

### वर्षों पुराने साल पेड़ों को काटा
# सेमरसोत अभयारण्य में सक्रिय हुए तस्कर, आरा मशीन से काट रहे पेड़



अभयारण्य क्षेत्र में काटे गए पेड़ के ठूंठ।



निरीक्षण करते अधिकारी व मौजूद ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लकड़ी तस्कर अब सेमरसोत अभ्यारण्य में भी सक्रिय हो गए है। तस्करों ने अभ्यारण्य में मौजूद वर्षों पुराने चार विशाल पेड़ों को काट दिया। इस बात की जानकारी स्थानीय ग्रामीणों ने वन विभाग और वाइल्ड लाइफ के अधिकारियों को दी। सूचना मिलने के बाद अधिकारियों ने इमारती लकड़ियों को जब्त कर दिया है। इधर घटना की सूचना मिलने के बाद रविवार को वाइल्ड लाइफ के डीएफओ स्नीफर डॉग व टीम के साथ पहुंचे। अधिकारी इस मामले की जांच कर रहे है लेकिन अबतक तस्करों का कोई सुराग नहीं मिल सका है।

**खास बात**
- ग्रामीणों ने दी सूचना, जांच में जुटी टीम

बताया जा रहा है कि इन दिनों बलरामपुर जिले के सेमरसोत अभ्यारण्य क्षेत्र में लकड़ी तस्कर सक्रिय हो गये है। तस्कर बेखौफ होकर संरक्षित वन क्षेत्र में पेड़ों की कटाई कर रहे है। इस बात का खुलासा शनिवार को हुआ। एनएच 343 से लगे ग्राम कंडा के जंगल में तस्करों ने बड़ी बड़ी आरा मशीनों की मदद से वर्षों पुराने साल प्रजाति के विशाल चार पेड़ों की कटाई की थी। तस्करों ने रात के समय जंगल में पेड़ों की कटाई की लेकिन वे उसे वाहनों में लोड नहीं कर पाए। इस बीच सुबह स्थानीय ग्रामीणों को जंगल में पेड़ काटे जाने की भनक लग गई जिसके बाद बड़ी सख्या में ग्रामीण जंगल में पहुंच गए और रेंजर के साथ ही अन्य अधिकारियों को घटना की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद वन अधिकारी भी मौके पर पहुंचे जिसके बाद मामले की जांच शुरू की गई लेकिन बड़ा सवाल तो यह है कि अभ्यारण्य क्षेत्र में रात के समय तस्कर आरा मशीनों के माध्यम से विशाल पेड़ों की कटाई कर रहे है और वन विभाग को इसकी भनक तक नहीं लग पा रही है। इधर अभ्यारण्य क्षेत्र के कर्मचारियों का कहना है कि गांव में सरकारी आवास नहीं है इस लिए उन्हें रात के समय मुख्यालय जाना पड़ता है।

## ग्रामीणों ने की कार्रवाई की मांग

सेमरसोत अभ्यारण्य क्षेत्र में पेड़ों की अवैध कटाई का यह कोई पहला मामला नहीं है। इसके पूर्व भी कई घटनाएं सामने आ चुकी है लेकिन जांच बीच में ही बंद कर दी जाती है। ग्रामीणों का कहना है अभ्यारण्य क्षेत्र से उन्हें वनोपज से लेकर दातून तक लाने की अनुमति नहीं है। वन विभाग उनपर कार्रवाई कर देता है लेकिन जंगल में आधी रात पेड़ों की कटाई हो रही है और अधिकारी चुप्पी साधे बैठे हुए है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने जंगल को बचाकर रखा, उनके गांव में बिजली जैसी मूलभूत सुविधा तक नहीं पहुंच पाई और अब तस्कर बेखौफ होकर पेड़ों की कटाई कर रहे है। उन्होंने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

### स्नीफर डॉग के साथ पहुंचे अधिकारी



इधर अभ्यारण्य क्षेत्र में पेड़ों के अवैध कटाई की जानकारी मिलने के बाद उप संचालक वाइल्ड लाइफ श्रीनिवास तनेटी दलबल के साथ घटना स्थल पर पहुंचे थे। तस्करों ने ग्राम कंडा अंतर्गत सेमरसोत पश्चिम दलधोवा कक्ष क्रमांक 497 में चार साल प्रजाती के पेड़ों की कटाई की है। इस दौरान अधिकारियों गुरूघासी दास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व से स्नीफर डॉग की मदद ली। अधिकारियों ने आस पास के गांव में सर्चिंग की लेकिन तस्करों का कोई सुराग नहीं मिल सका। फिलहाल मामले में भारतीय वन अधिनियम 1927 एवं वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध दर्ज किया गया है जबकि लकड़ी को जब्त कर निस्तार डिपो बलरामपुर भेज दिया गया है।

### चल रही है जांच

पेड़ कटाई की जानकारी मिली है। सूचना के बाद वरिष्ठ अधिकारियों ने घटना स्थल का निरीक्षण किया है और डॉग स्क्वायड की मदद ली गई है। मामले की जांच चल रही है।

-बीएस भगत
अधीक्षक, सेमरसोत अभ्यारण्य



# हरियाणा का गिरोह हथियार के बल पर कर रहा कब्जा दिलाने का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में अब हरियाणा के गुंडे और लठैत जमीन कब्जा खाली कराने का कारोबार कर रहे है। हरियाणा के लठैत हथियारों के बल पर लोगों को जान से मारने की धमकी देने के साथ ही मारपीट कर रहे है जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। एक बार फिर से हरियाणा के लठैतों का एक ऐसा ही मामला सामने आया है। आरोपियों ने कोतवाली क्षेत्र के कांतिप्रकाशपुर में जमीन खाली कराने के नाम पर जमकर उत्पात मचाया और मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है इसके साथ ही आरोपियों के पास से लोहे का चापर, डंडा, स्टील का रॉड बरामद किया गया है।

- पुलिस ने तीन आरोपियों को किया गिरफ्तार, कांतिप्रकाशपुर में जमीन विवाद पर बुलाए गए थे गुंडे

कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मोमीनपुरा निवासी सद्दाम खान के पास 22 नवंबर को साहिल फोन कर बताया कि कांतिप्रकाशपुर लुचकी घाट के पास पटवारी आराई की मौजूदगी में जमीन की नपाई चल रही है और विवाद हो रहा है। सूचना मिलने के बाद सद्दाम खान व साहिल जब मौके पर पहुंचे तो मोहम्मद साहिल, अताउल व अन्य लोगों का दूसरे पक्ष के फैजान, सरोज अहमद, नुमान एवं अन्य लोगों से जमीन को लेकर झगडा चल रहा था। इस दौरान फैजान, सरोज अहमद, ⏭ शेष पेज 4 पर

### जमानत पर निकले थे बाहर

पुलिस के अनुसार गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपी आदतन बदमाश है। इसके पूर्व आरोपियों को पूर्व में सीतापुर पुलिस द्वारा बीएनएस की धारा 309 (4), 310 (2) एवं 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपहरण और लूटकांड के मामले में गिरफ्तार किया था। इसके साथ ही दूसरे राज्य में भी आरोपियों को जेल भेजा जा चुका है। सभी आरोपी हाल ही में जमानत पर जेल से बाहर आए थे और फिर से संगठित गिरोह बनाकर अपराध कर रहे थे। आरोपी हथियार के बल पर जमीन खाली कराने, कब्जा दिलाने का काम कर रहे थे।

## खबर संक्षेप

### छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन 30 तक

**अम्बिकापुर।** छत्तीसगढ़ शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा राज्य के युवाओं में प्रतिभा, नवाचार और सामाजिक उत्तरदायित्व की भावना को प्रोत्साहित करने हेतु छत्तीसगढ़ युवा रत्न सम्मान के लिए आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं। यह प्रतिष्ठित सम्मान उन युवा व्यक्तियों एवं संगठनों को प्रदान किया जाएगा जिन्होंने सामाजिक, शैक्षणिक, स्वास्थ्य, साहित्य, मीडिया, नवाचार तथा विशिष्ट कार्यों के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अविस्मरणीय योगदान दिया है। इस सम्मान का उद्देश्य प्रदेश के युवाओं के कार्यों को मान्यता देना, उन्हें प्रोत्साहित करना और राष्ट्रीय स्तर पर कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में प्रेरणा प्रदान करना है। 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के वे युवा, जिन्होंने अपने-अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं, इस सम्मान के पात्र होंगे। सहायक संचालक, खेल एवं युवा कल्याण कार्यालय सरगुजा ने बताया कि आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 30 नवम्बर शाम 5 बजे निर्धारित की गई है। निर्धारित समय पश्चात प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

### गणना पत्रक में सभी मतदाताओं को फोटो देने की आवश्यकता नहीं

**बलरामपुर।** भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली के निर्देशानुसार जिले में निर्वाचक नामावली का विशेष गहन पुनरीक्षण अहर्ता तिथि 1 जनवरी 2026 के संदर्भ में पुनरीक्षण का कार्य निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपादित किया जा रहा है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बूथ लेवल अधिकारी द्वारा 4 दिसंबर 2025 तक घर-घर जाकर मतदाताओं से विधिवत भरा हुआ गणना पत्रक प्राप्त करेगा। बूथ लेवल अधिकारी द्वारा वितरित गणना पत्रक मे यदि मतदाता अपने फोटो से संतुष्ट नहीं है या फोटो धुंधला है अथवा अस्पष्ट है ऐसी स्थिति में मतदाता चाहे तो अपना नवीन फोटो उपलब्ध होने पर बूथ लेवल अधिकारी को उपलब्ध करा सकेगा। बूथ लेवल अधिकारी भी सीधे बीएलओ एप के माध्यम से फोटो खीच के अपलोड करेगा। सभी मतदाताओं को फोटो देने की आवश्यकता नहीं है।

# न्यायाधीश के अंतः करण से प्रवाहित होता है न्याय : चीफ जस्टिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में छग राज्य न्यायिक अकादमी द्वारा न्यायिक अधिकारियों के लिए एक दिवसीय संभाग स्तरीय न्यायिक सेमिनार का आयोजन किया गया। स्थानीय सर्किट हाउस में आयोजित इस सेमिनार में संभाग के पांच सिविल जिलों अंबिकापुर, बैकुंठपुर, जशपुर, बलरामपुर-रामानुजगंज, सूरजपुर से 69 न्यायिक अधिकारी शामिल हुए।

- संभाग स्तरीय सेमिनार को हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने किया संबोधित

इस सेमिनार का वर्चुअल उद्घाटन छग हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस व मुख्य संरक्षक छग राज्य न्यायिक अकादमी न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने किया। इसके साथ ही सेमिनार में हाईकोर्ट के न्यायाधीश व पोर्टफोलियो न्यायाधीश न्यायमूर्ति राधाकिशन अग्रवाल, न्यायमूर्ति रवींद्र कुमार अग्रवाल, न्यायमूर्ति अरविंद कुमार वर्मा, भी वर्चुअल रूप से शामिल हुए। चीफ जस्टिस न्यायमूर्ति रमेश सिन्हा ने सेमिनार को संबोधित करते हुए कहा कि न्यायपालिका हमारे संवैधानिक लोकतंत्र की आधारशिला है। न्यायाधीशों का आचरण, निर्णय और दृष्टिकोण ही न्याय की सार्वजनिक धारणा को आकार देता है। उन्होंने जोर दिया कि जिला न्यायपालिका बढ़ते प्रकरणों और विवादों की जटिलता जैसी चुनौतियों का सामना कर रही है, जिसके लिए न्यायपालिका का ज्ञान-आधारित, नैतिक रूप से सुदृढ़ और संवेदनशील होना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि न्याय केवल प्रणालियों और प्रक्रियाओं से नहीं होता, यह न्यायाधीश के अंतःकरण से प्रवाहित होता है। उन्होंने न्यायिक अधिकारियों से जनता के विश्वास का सम्मान करने और सत्यनिष्ठा, अनुशासन और न्यायिक नैतिकता बनाए रखने का आह्वान किया। चीफ जस्टिस ने न्यायिक अधिकारियों से कहा कि न्यायपालिका की सबसे बड़ी शक्ति जनता का विश्वास है। इस विश्वास का सम्मान करना न्यायाधीश का ⏭ शेष पेज 4 पर



### विभिन्न विषयों पर दिया प्रस्तुतिकरण

संभाग स्तरीय सेमिनार में संभाग के पांच जिलों से 69 न्यायिक अधिकारियों ने सहभागिता की। प्रतिभागियों ने विभिन्न विषयों पर प्रस्तुतिकरण दिए। सेमिनार में अनुपस्थित अभियुक्त एवं नवीन संयोजित किये गए अभियुक्त- धारा 356 बीएनएसएस एवं धारा 358 बीएनएसएस के अंतर्गत विचारण के दौरान अनुपस्थित अभियुक्त के प्रक्रियागत अंतर्विरोध का विश्लेषण। संविदा के विशिष्ट पालन का सिद्धांत विधि और प्रक्रिया, जिसमें माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों का विशेष संदर्भ हो। आदेश 7 नियम 10, सिविल प्रक्रिया संहिता के तहत न्यायालय की सक्षमता का सिद्धांत, आदेश 7 नियम 11, सिविल प्रक्रिया संहिता के तहत वादपत्र को आरंभमें ही अस्वीकार करने की शक्ति। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा सतेन्द्र कुमार अंतिल बनाम सीबीआई और सिद्धार्थ बनाम उत्तर प्रदेश राज्य में जारी किए गए दिशानिर्देशों के संदर्भ में गिरफ्तारी, रिमांड और जमानत से संबंधित प्रावधान। सिविल कारागार में गिरफ्तारी और निरोध द्वारा तथा संपत्ति की कुर्की द्वारा डिक्री का निष्पादन, समय पर और कुशल प्रवर्तन के लिए रणनीतियां पर प्रस्तुतिकरण दिया गया।

हरिभूमि
जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा
सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** (1) चन्द्रकला पटेल पिता\पति-परस राम पटेल पता - गोपिया पारा पुरानी बस्ती, (2) कान्त तिवारी पिता\पति- स्व.राम कृष्ण तिवारी पता - 248 समता कॉलोनी रायपुर, (3) तम्मंत पटेल पिता\पति लक्ष्मीकान्त पटेल पता – रायपुर, (4) भारती चंद्राकर पिता\पति दीपक चंद्राकर पता - शिव विहार कॉलोनी संतोषी नगर रायपुर, (5) अनिल जनबंधु पिता\पति-स्व. कुंडलिक जनबंधु पता- बड़ा अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, (6) लक्ष्मीकान्त वैष्णव पिता\पति संतोष कुमार वैष्णव पता - रायपुरा रायपुर ,(7) चन्द्रकला पिता\पति संतोष कुमार साहू पता - कुरूद रावाभाटा बिरगांव , (8) पुलकित कुमार साहू पिता\पति पवन कुमार साहू पता - शहीद नगर बिरगांव, (9) सूर्यकांत साठे पिता\पति -प्रकाश राव साठे पता - अश्वनी नगर रायपुर, (10) लोकेश कुमार वर्मा पिता\पति-हेमू राम वर्मा पता - तरपोंगी रायपुर, (11) पार्थिव धुवारे पिता\पति ओम प्रकाश धुवारे पता- इंद्रा नगर भिलाई, (12) निशा यादव पिता\पति केशव यादव पता- प्रेम नगर सिकोलाभाठा दुर्ग, (13) रौनक सिंह राजपूत पिता\पति युवराज सिंह राजपूत पता-दुर्गा चौक दीपक किराना स्टोर शंकर नगर दुर्ग, (14) हर्ष राजपूत पिता\पति कौशल सिंह राजपूत पता-बजरंग नगर दुर्ग, (15) वेदांश तम्बोली पिता\पति खुशाल तम्बोली पता - गणेश पान मंदिर इंदिरा मार्केट, (16) चेतन देवांगन पिता\पति ओम प्रकाश देवांगन पता-गायत्री मंदिर दुर्ग, (17) राकेश कुमार यादव पिता\पति राजू यादव पता- गणेश चौक ए.सी.सी. जामुल, (18) आशीष शर्मा पिता\पति राजेंद्र शर्मा पता-बापू नगर खुर्शिपार भिलाई, (19) पोषण देवांगन पिता\पति कमलबी देवांगन पता- खुर्शिपार भिलाई, (20) नीमा साहू पिता\पति केशव साहू पता - सेलूद भिलाई , (21) हेमलता साह पिता\पति दाऊ लाल साहू पता - बेलर, (22) आदित्य यदु पिता\पति आनंद मधु यदु पता- छाती धमतरी, (23) लोकेश कुमार उपाध्याय पिता\पति स्व. राधे प्रसाद उपाध्याय पता- आमा तालाब रोड गौरा चौरा के पास धमतरी, (24) पारख प्रकाश साहू पिता\पति फल्लेश साहू पता-बोडरा स धमतरी, (25) रोहित तिवारी पिता\पति राधेश्याम तिवारी पता -राजनादगांव, (26) साधना ठाकुर पिता\पति केसव सिंह पता-डोंगरगढ़, (27) हेजल साहु पिता\पति मेषकुमार साहु पता - टेड़ेसरा, (28) शोभा राम देवांगन पिता\पति सेवा राम देवांगन पता-बेमेतरा, (29) अनिषा भगत पिता\पति धनमोहन भगत पता-जेल लाइन कांकेर, (30) डीपेश कुमार सेन पिता\पति गौकरण कुमार सेन पता-नवागांव, (31) मिनाक्षी सुधाकर वाकचौके पिता\पति सुधाकर वाकचौके पता-शांति नगर जगदलपुर, (32) शकीला परवीन पिता\पति मोहम्मद परवीन पता-रायपुर(पिथोरा), (33) प्रीति साहू, पिता\पति राम साहू पता-कवर्धा, (34) अखिलेश कुमार यादव पिता\पति सोहनलाल यादव पता-सिविल लाइन षष्ठी मंदिर के पास, (35) भगवती प्रसाद पिता\पति रामचरण प्रसाद पता-कोंडागांव। **बिलासपुर संस्करण -** (36) अनंदिता सूर्यवंशी, पिता का नाम अशोक सूर्यवंशी पता-राजीव गांधी चौक जरहाभाठा बिलासपुर, (37) काब्या पटेल, पिता- मोहन पटेल पता- छोटी कोनी बिलासपुर, (38) अशोक कुमार देवांगन, पिता- केदारनाथ देवांगन, पता – कुम्हारपारा करबला रोड, बिलासपुर (39) अपूर्वा कौशिक पिता- दिलीप कौशिक पता-यदुनंदन नगर तिफरा, बिलासपुर (40) आयुष्मान मिश्रा, पिता - केशव कुमार मिश्रा पता– राजकिशोर नगर, – बिलासपुर (41) केदार नाथ श्रीवास, पिता–बहोरन लाल श्रीवास, – बिलासपुर पता - महिर्ष स्कूल रोड मंगला बिलासपुर, (42) मंजू बंजारे, पिता– संतोष कुमार बंजारे पता - मिनी माता नगर तेलीपारा बिलासपुर, (43) सुरेखा गुप्ता, पिता – स्व. रामकुमार गुप्ता पता– सरकंडा कपिल नगर बिलासपुर, (44) अशोक कुमार कौशिक पिता– स्व.श्री बी.आर.कौशिक, पता – ओम नगर जरहाभाठा बिलासपुर, (45) इरम परवीन, पिता– शेख शरीफ, पता बिलासपुर कुदुदण्ड, (46) किशोर कुमार त्रिवेदी पिता–स्व.ए.के.त्रिवेदी, पता – बिलासपुर, (47) श्रीमती रानी मिश्रा, पिता–स्व.सुधीर चंद्र मंडल, पता – फ्रेंड्स रेसीडेंसी सरकंडा, बिलासपुर, (48) प्राची गंधर्व, पिता– कृष्णा गंधर्व, पता- न्यूज़ सरकंडा जबरापारा, बिलाासपुर (49) नवीन पटेल, पिता–भैयाराम पटेल, पता – अभिषेक बिहार फेस-2 मंगला, बिलासपुर (50) नारद कुमार विश्वकर्मा, पिता– श्री राम सिंह, पता – नूतन चौक बिलासपुर, (51) दुष्यंत देवांगन, पिता–हरनारायण देवांगन, पता – मातृ छाया होस्टल बिलासपुर, (52) राजकुमार खरे पिता– स्व.मुन्नालाल खरे पता – साईं बिहार कॉलोनी मोपका, बिलासपुर (53) कल्याणी साहू पिता–जगदेव साहू पता – सकरी, बिलासपुर (54) सोम्य साहू, पिता– दीपक कुमार पता – सकरी, बिलासपुर (55) धनीराम टंडन पिता–स्व.बजारू टंडन पता – तालापारा बिलासपुर, (56) चित्रलेखा यादव, श्री श्यामलाल यादव, पता – शांति नगर सकरी, बिलासपुर (57) शाजी थामस पिता– स्व.सी.पी.थॉमस पता – बिलासपुर, (58) गुंजन साहू, पिता–दिलेश कुमार साहू, पता हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी परसदा, जिला–बिलासपुर। **भोपाल संस्करण -** (59) समिक्षा जैन पिता\पति सुभाष जैन पता-बैरसिया, (60) आयशा बी पिता\पति मुईन पता- बैरसिया, (61) चरण सिंह पिता\पति रामनारायण पता- मकान नं 13 ग्राम चंदेरी बैरसिया रोड, (62) नेहा विश्वकर्मा पिता\पति - विश्वकर्मा नगरकरोदभोपाल, (63) ज्योति बंजारा पिता\पति विजय सिंह पता-बंजारा बड़ी उकावद गुना, (64) अमिता पिता\पति उदित गौर पता-वार्ड न 17 तवा कॉलोनी हरदा, (65) साधना गौर पिता\पति रविशंकर गौर पता- तवा कॉलोनी हरदा, (66) विराज घाटे पिता\पति कपिल घाटे जोशी कॉलोनी हरदा, **जबलपुर संस्करण -** (67) आस्था अग्रवाल पिता\पति विजय अग्रवाल पता-कांचघर चौक संजय गांधी बोर्ड घमापुर, (68) हर्ष नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (69) राजेंद्र सोनकर पिता\पति नारायण प्रसाद सोनकर पता-मोहनी होम्स बिलहरी, (70) मान्यता अहिरवार पिता\पति राजेंद्र अहिरवार पता- ग्वारीघाट रोड, (71) यश नाईक पिता\पति नरेश नाईक पता-शिवनगर रेलवे क्रॉसिंग के पास गढ़ा जबलपुर, (72) अंजना नायक पिता\पति वीरेंद्र नायक पता- पंडित नेहरू वार्ड क्रमांक 8 बाजार मोहल्ला पाटन, (73) वंश यादव पिता\पति राजेश यादव पता-गुरु मोहल्ला पाटन जबलपुर, (74) मयंक मेहरा पिता\पति मिथिलेश कुमार पता-मेहरा पाटन।

नियम एवं शर्तें लागू*
शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

# शहीदी दिवस पर शहर में निकाली गई भव्य शोभा यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

रविवार को सिख समाज द्वारा श्री गुरु तेग बहादुर, भाई मती दास, सती दास व दयाला जी का शहीदी दिवस श्रद्धा पूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। पंज प्यारे की अगुवाई में निकाली गई शोभायात्रा शहर भ्रमण के बाद श्री गुरुसिंह सभा में संपन्न हुई। इस दौरान शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया।

- गुरुद्वारा श्री गुरुसिंह सभा में बरताया गया लंगर, जगह जगह हुआ स्वागत

बता दें कि धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर जी महाराज, भाई मती दास जी, भाई सती दास जी तथा भाई दयाला जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य पर गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा भव्य नगर कीर्तन का आयोजन किया गया। यह शोभायात्रा दोपहर 3 बजे गुरुद्वारा साहिब से प्रारंभ होकर गुरु नानक चौक, गुरु नानक वार्ड, जुड़ा पीपल, आकाशवाणी चौक, गांधी चौक, घड़ी चौक, संगम चौक, महामाया चौक होते हुए पुनः गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा में सम्पन्न हुई। इस नगर कीर्तन में पंज प्यारे के स्वरूप में सरदार नवराज सिंह बरा, हरमिंदर सिंह भामरा, कृपाल सिंह अरोड़ा, गगनमोहन सिंह छाबड़ा एवं पवनदीप सिंह छाबड़ा ने सेवा निभाई। निशान साहिब की सेवा का दायित्व सरदार हरप्रीत सिंह छीना और गुरजोत सिंह चावला ने निभाया। कार्यक्रम का विशेष आकर्षण गुरु तेग बहादुर जी, भाई मती दास जी, भाई सती दास जी तथा भाई दयाला जी की शहादत को दर्शाती एक ऐतिहासिक झांकी रही, जिसमें यह प्रदर्शित किया गया कि किस प्रकार इन महान शहीदों ने अत्याचार और जुल्म के विरुद्ध खड़े होकर हिंदू धर्म एवं मानवता की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। मीडिया प्रभारी सरदार जगदीप सिंह छाबड़ा ने बताया शोभायात्रा ⏭ शेष पेज 4 पर



## खबर संक्षेप

### कार्रवाई: 24 से अधिक कर्मियों को नोटिस

**बैकुण्ठपुर।** निर्वाचन आयोग के निर्देशों के तहत प्रदेशभर में चल रहे विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) अभियान में लापरवाही पर अब प्रशासन सख्त हो गया है। कलेक्टर कोरिया श्रीमती चंदन त्रिपाठी द्वारा जिले में पुनरीक्षण कार्य की धीमी प्रगति पर गहरी नाराजगी जताने और कड़ा रुख अपनाने के निर्देशों के बाद कार्रवाई शुरू हो गई है। इसी क्रम में विधानसभा क्षेत्र 03 बैकुंठपुर में अपेक्षित प्रगति न मिलने पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) उमेश पटेल ने 24 से अधिक बीएलओ, पटवारी, विभिन्न विभागों के कर्मचारियों व ऑपरेटरों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि निर्धारित समयसीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने की स्थिति को गंभीरता से लिया जाएगा। निर्देशों के अनुसार, गणना पत्रक में दर्ज मतदाताओं की जानकारी को वर्ष 2003 की मतदाता सूची से मिलान कर एक प्रति मतदाता को देना और दूसरी प्रति प्राप्त कर बीएलओ ऐप में अपडेट करना अनिवार्य है। लेकिन कई कर्मियों द्वारा समय पर यह कार्य पूरा न करने के कारण प्रशासन ने कठोर कदम उठाया है। एसडीएम श्री पटेल ने चेतावनी दी एसआईआर में किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से भी अपील की है कि वे बीएलओ को आवश्यक सहयोग प्रदान करें, फार्म समय पर भरकर उपलब्ध कराएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में सहभागी बनें।

### कन्या महाविद्यालय में 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम



**बैकुण्ठपुर।** शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय बैकुंठपुर में प्राचार्य डॉ. रंजना नीलिमा कच्छप की पहल तथा महाविद्यालय के समस्त स्टाफ के सहयोग से राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अंतर्गत उद्यमशीलता एवं कौशल उन्नयन पर आधारित 10 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम लगातार आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण 19 नवंबर को संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. शारदा प्रसाद त्रिपाठी की उपस्थिति में आरंभ हुआ था, तब से यह कार्यक्रम छात्राओं के बीच उत्साह और कौतूहल का केन्द्र बना हुआ है। कला गुरू ईश्वरी प्रजापति के निर्देशन में छात्राएं मिट्टी से कुल्हड़, छोटे-बड़े दीये, कलश, गुल्लक आदि तैयार करने की कला सीख रही हैं। कई छात्राओं ने इस कौशल को बारीकी से सीखना शुरू कर दिया है। कोण्डागांव जिले के कलागुरू मनोज बघेल, बंशीलाल पोयाम और इंदल पोयाम के मार्गदर्शन में छात्राएं लोहे से हिरन, घोड़ा, कुत्ता, हाथी सहित अन्य सजावटी आकृतियां बनाने का प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं।

## जल जीवन मिशन के निर्माण कार्य का हाल बेहाल

# मधौरा में पानी टंकी और नल बने शो पीस



निर्माणाधीन पानी टंकी।


हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

जिले में गांव-गांव में लोगों के घरों तक पानी पहुंचाने की जल जीवन मिशन योजना का हाल बेहाल है। इस योजना के तहत जिले के विभिन्न पंचायतों में करोड़ों रूपए फूंक दिए गए, लेकिन लोगों के हलक सूखे हैं। कोरिया जिले के पंचायतों का आधा-अधूरा कार्य जल जीवन मिशन का पड़ा हुआ है।

जानकारी के अनुसार लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग को जल जीवन मिशन योजना के तहत जिले के सभी पंचायत क्षेत्रों में योजना के तहत लोगों के घर-घर पेयजल पहुंचाना था, इसके लिए करोड़ों रूपए स्वीकृत किए गए और ठेकेदारों को समय-सीमा में कार्य पूरा करने को कहा गया था, लेकिन निर्धारित समय-सीमा में जिले के ज्यादातर पंचायतों में काम पूरा नहीं हो पाया। वर्तमान तक स्थिति ऐसी है कि जिले के अधिकांश पंचायत क्षेत्रों में जल जीवन मिशन योजना से करोड़ों फूंकने के बाद भी लोगों के घरों तक पानी नहीं पहुंच पाया। विभिन्न कारणों से जिले के पंचायतों में जल जीवन का काम आधा-अधूरा पड़ा हुआ है।

### सूचना बोर्ड भी आधा-अधूरा

जल जीवन मिशन का कार्य जिले के विभिन्न पंचायतों में शुरू किया गया है। इस योजन के तहत कई जगहों पर पानी टंकी निर्माण कार्य कराया गया है। जहां पर नागरिक सूचना पटल पर विभिन्न तरह की आवश्यक जानकारी अंकित करना होता है, लेकिन कई जगहों पर निर्माण सूचना पटल पर कार्य प्रारंभ करने की तिथि तो अंकित है, लेकिन कार्य कब पूरा होगा और निर्माण कार्य का हस्तांतरण कब होगा इसका उल्लेख नहीं है। इसी तरह का हाल ग्राम पंचायत मधौरा में भी देखने को मिल जाएगा।




### टंकी व नल पोस्ट बने हैं शो पीस

जल जीवन मिशन के तहत कोरिया जिले के कई पंचायत क्षेत्रों में आधा-अधूरा कार्य पड़ा हुआ है। कहीं पूरी तरह से पाइप लाइन का विस्तार भी नहीं हो पाया है, लेकिन लोगों के घरों के सामने नल के पोस्ट लगा दिए गए हैं,जो शोपीस बने हुए हैं। पेयजल सप्लाई नहीं होने से ग्रामीण परिवार नल पोस्ट में मवेशियों को बांधने के काम में ले रहे हैं। इसी तरह जिले के कई पंचायत क्षेत्रों में विशाल जलागार भी बना हुआ है वह भी शो पीस बना हुआ है।

# तंजरा जलाशय का किसानों को नहीं मिल पा रहा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

जिले के विकासखंड के वनांचल ग्राम तंजरा में भारी लागत से निर्मित तंजरा जलाशय किसानों को लाभ नहीं दे पा रहा है।

- नहर पटने से सिंचाई ठप

वर्तमान में गेहूं की बुवाई से लेकर गर्मी के मौसम की धान, एसाग तथा सब्जी फसलों के लिए किसानों को सिंचाई सुविधा नहीं मिल पाने से ग्रामीण किसान हताश हैं। ग्राम के किसान रामअवध, महेन्द्र, ऋतिक, शिवप्रसाद, सुमेर सिंह सहित अन्य किसानों ने बताया कि लंबे समय से चैनल नहर की सफाई नहीं हुई, जिससे नहर पूरी तरह पट गई है। नहर में झाड़-झंखाड़ उग जाने से जल प्रवाह बंद हो गया है और सिंचाई असंभव हो गई है।




साफ-सफाई करते किसान।

# पालतू कुत्ते को रंग-रोगन कर बना दिया चीता!

**कोरिया कालरी।** क्षेत्र में हमेशा से जंगली जानवर हाथी ,तेंदुआ, भालू व लकड़बग्घा जैसे जानवरों का दहशत बना रहा है।

बीते कुछ दिनों पूर्व भी चीता का दहशत देखने मिला। सवाल यह है कि मगर क्या इन तेंदुआ,भालू व लकड़बग्घा जैसे जानवरों का असली भय कम पड़ गया था, जो इस पालतू कुत्ता को मनोरंजन के नाम पर रंग कर चीता जैसा रूप बना दिया गया। पोखरी तिराहा के पास अक्सर घूमते रहने वाला यह कुत्ता लोगों में रात के समय डर का माहौल बना देता है। सामने से आते कोई भी इसे अचानक देख ले तो वह भयभीत हो जाता है, भले ही पालन करने वाले का इरादा डर फैलाना नहीं है, मगर ऐसा मनोरंजन तरीके से किसी जानवर को उसके असली स्वरूप को बदल कर किसी खतरनाक जानवर के रूप में रंगना थोड़ा सा गलत ही है, क्यूंकि रात-दिन इस चालू मार्ग में लोग आते हैं और एकाएक इस कुत्ते को देखकर थोड़ी देर के लिए दिल सहमा लेते हैं, दिखने में भले ही रोचक है मगर वक्त बे वक्त कोई सामने आ जाए तो तय है कि उसकी रूह कांप जाएगी, भले ही आसपास के लोगों के लिए यह एक मनोरंजन का साधन बना हुआ है, मगर बाहरी लोगों के लिए दहशत का रूप है।



### डॉ. अनिल सिन्हा पीजी कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य

**अंबिकापुर।** उच्च शिक्षा संचनालय ने राजीव गांधी पीजी कॉलेज के भूगोल विभाग के विभागाध्यक्ष एवं आईक्यूएसी समन्वयक डॉ. अनिल कुमार सिन्हा को महाविद्यालय का प्रभारी प्राचार्य नियुक्त किया है। उच्च शिक्षा आयुक्त के निर्देश पर उन्होंने शुक्रवार को पदभार ग्रहण किया। डॉ. सिन्हा ने पीजी कॉलेज से ही स्नातक एवं स्नातकोत्तर की पढ़ाई की है तथा वर्ष 1990 से कॉलेज में अपनी सेवाएं दे रहे है। उन्होंने बताया कि मेरे लिए यह अवसर अत्यंत सम्मानजनक एवं प्रेरणादायक है। संस्था के गौरव को उच्च स्तर तक ले जाने के लिए पूरी निष्ठा, पारदर्शिता एवं समर्पण के साथ कार्य करूंगा।

# तांबे के केबल चोरी मामले में एक और आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरचा कॉलरी

चरचा ईस्ट खदान में लगभग 450 मीटर तांबे के बिजली केबल की चोरी के बहुचर्चित मामले में पुलिस ने एक और आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। गिरफ्तार आरोपी की पहचान रवि कुमार पिता रामप्रसाद अगरिया उम्र 19 वर्ष निवासी चेरहापारा चरचा के रूप में हुई है।

न्यायालय ने आरोपी को 26 नवंबर तक न्यायिक रिमांड पर जेल भेजने के आदेश दिए हैं। चरचा ईस्ट खदान में बीते 14 अक्टूबर की रात लगभग 11 से 12 बजे के बीच 56 लेवल पंप के पास रखे लगभग 450 मीटर तांबे के केबल को अज्ञात चोरों ने कटर मशीन से काटकर ले भागे थे। प्रार्थी धरम नारायण राजवाड़े जो उस समय ड्यूटी पर रहे। उन्होंने चोरी की रिपोर्ट थाना चरचा में दर्ज कराई थी। चोरी गए केबल की कीमत लगभग 70-80 हजार रूपए आंकी गई थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने मुखबीर सूचना के आधार पर सबसे पहले संदेही मंगल उर्फ गोलू को पूछताछ के लिए तलब किया। पूछताछ में उसने चोरी की घटना में शामिल अपने साथियों के नाम बताए। इनमें मोहित बसोर, अयोध्या बसोर, पुरूषोत्तम उर्फ गोला, समीर बसोर, राम कुमार बसोर, बलजीत बसोर, कवीरा बसोर, शमशेर बसोर, विजय बसोर, सुनील पनिका, सुरेश पनिका, सुमन पनिका सहित कई अन्य लोग शामिल थे। इन आरोपियों से पूछताछ में घटना में उपयोग की गई टांगी, डंडा सहित अन्य सामग्री भी जब्त की गई। कई आरोपी पहले ही गिरफ्तार होकर न्यायिक रिमांड पर भेजे जा चुके हैं। अन्य आरोपियों के मेमोरेण्डम के आधार पर पुलिस ने रवि कुमार को पकड़ा।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि चोरी किए गए तांबे के केबल में से लगभग 10 मीटर केबल 35.40 किलोग्राम वजन उसने चेरहापारा स्थित नाले में छिपाकर रखा था। पुलिस ने मौके से केबल सहित काटने और छीलने के उपकरण बरामद कर जब्त किया। अपराध साबित होने पर पुलिस ने आरोपी रवि कुमार को 23 नवंबर की दोपहर गिरफ्तार कर उसके परिजन को सूचना दी। मामला अजमानतीय होने से थाना पुलिस ने उसे न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे 26 नवंबर तक न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

# कैडेट्स ने दिखाया अनुशासन और सेवा भावना

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बैकुंठपुर के सभाकक्ष में 23 नवंबर को 77 वां एनसीसी दिवस हर्षोल्लासपूर्वक मनाया गया।

- 77 वां एनसीसी दिवस मनाया गया

कार्यक्रम की शुरूआत कैडेट्स द्वारा स्वतंत्रता संग्राम सेनानी एवं महापुरूष जगदीश प्रसाद नामदेव, नेताजी सुभाष चंद्र बोस, महात्मा गांधी, कोरिया कुमार डॉ. रामचंद्र सिंहदेव की प्रतिमा तथा मिनी स्टेडियम स्थित शहीद स्मारक की साफ-सफाई से हुई।

कमान अधिकारी कर्नल सेन्थिल कुमार एस एवं प्रशासनिक अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल अमित यादव ने एनसीसी दिवस की शुभकामनाएं दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व प्राचार्य एवं पूर्व एनसीसी अधिकारी यूएस शुक्ला, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष नगर पालिका आशीष यादव, श्रीप्रकाश जायसवाल, गीता प्रसाद नेमा, मनीष सिंह, वरिष्ठ पत्रकार उत्तम कश्यप एवं अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। प्राचार्य कृपा कल्याणी टोप्पो सहित शिक्षकों ने पुष्पगुच्छ भेंट कर अतिथियों का स्वागत किया। कैडेट्स द्वारा देशभक्ति गीत, भाषण और नृत्य प्रस्तुत किए गए। कैडेट आशीष देशभक्ति गीत ,कैडेट राहुल नृत्य, कार्पोरल अनिल कुमार भाषण, सार्जेंट पंकज प्रभाकर गीत, कैडेट अनीष कुमार एवं अमित कुमार देशभक्ति नृत्य प्रस्तुत किए। संवर्त कुमार रूप ने नेपोलियन और राजाराम मोहन राय के उदाहरण देकर कैडेट्स को राष्टभक्ति के लिए प्रेरित किया। मंचस्थ अतिथियों को भी विद्यालय की ओर से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मो. ताहिर ने तथा आभार प्रदर्शन एनसीसी अधिकारी संजीव कुमार जायसवाल ने किया। समापन एनसीसी गीत के साथ हुआ। कार्यक्रम में विश्वजीत मित्रा, प्रभात मिश्र, नाजिमा खातून, मधु त्रिपाठी, साजिदा खातून, कल्पना जायसवाल, सविता खलखो, उदय लकड़ा, ममता ओझा, समेत अनेक शिक्षक, विद्यार्थी उपस्थित रहे।



### अतिथियों ने बताए एनसीसी का महत्व

पार्षद मनीष सिंह ने अपने कैडेट जीवन के प्रेरक अनुभव साझा किए। उत्तम कश्यप ने अनुशासन को जीवन की सबसे बड़ी पूंजी बताते हुए कैडेट्स को एकता और अनुशासन का पालन करने की सीख दी। वरिष्ठ व्यापारी श्रीप्रकाश जायसवाल ने अनुशासन के महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। साहित्यकार गीता प्रसाद नेमा ने अपनी स्वरचित रचना प्रस्तुत की। उपाध्यक्ष आशीष यादव ने एनसीसी के इतिहास और महत्व पर प्रकाश डालते हुए शुभकामनाएं दीं। पूर्व प्राचार्य यूएस शुक्ला ने विद्यालय की एनसीसी टुकड़ी की उपलब्धियों की सराहना की।

### नगर पंचायत में मतदाता सूची परीक्षण का कार्य जोरों पर

प्रतापपुर। मतदाता सूची विशेष गहन परीक्षण के तहत विधानसभा प्रतापपुर के नगर पंचायत में युद्ध स्तर पर मतदाता सूची परीक्षण का कार्य सुचारू रूप से कराया जा रहा है। शासन द्वारा नियुक्त बीएलओ व भाजपा द्वारा नियुक्त बीएलए 2 द्वारा प्रत्येक वार्ड में उपस्थित मतदाताओं का फ्रॉम घर मोहल्ले घूम घूम कर भरवाया जा रहा है, वही लोगों को असुविधा न हो जिसे लेकर भाजपा के युवा मोर्चा मंडल अध्यक्ष व जिला आईटीसेल सहसंयोजक विक्रम नामदेव व सदस्य अजय सिंह, आर्यन दुबे आदि उपस्थित रहे। संतोष रजक, पूर्व पार्षद योगेंद्र सिंह, बुधराम देवांगन, अभिषेक कुशवाहा, सोनू शर्मा हर प्रकार के यथासंभव मदद की जा रही ताकि लोगों को फॉर्म भरने में किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

# किसानों को निःशुल्क चना बीज वितरण



हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले के विकासखंड बैकुंठपुर कृषि विभाग द्वारा किसानों को अनुदान पर 22 नवंबर को निःशुल्क चना, सरसों बीज का वितरण किया गया। उक्त आयोजन वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बैकुंठपुर द्वारा किया गया। इसमें कृषि विभाग के खाद्य एवं पोषण सुरक्षा धान-चना योजना अंतर्गत चना बीज का वितरण किया गया। बैकुंठपुर जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत शिवपुर सरपंच पितांबर सिंह के उपस्थिति में वितरण किया। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के निर्देश पर खाद एवं पोषण सुरक्षा धान-चना योजना के तहत वितरण क्षेत्र अमहर, पसला, शिवपुर से आए किसानों को चना, सरसों बीज का वितरण किया गया। इस दौरान उप संचालक कृषि राजेश कुमार भारती, वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी श्रीमती वंदना सिंह श्याम, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी टीएस परस्ते, कुलदीप कुशवाहा उपस्थित रहे।

# बोर्ड परीक्षा तैयारी के लिए 1.83 लाख स्वीकृत

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने और बोर्ड परीक्षार्थियों को उन्नत तकनीकी सहायता उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तैयार किए गए नवाचारपूर्ण कामयाबी प्रोजेक्ट को नीति आयोग ने स्वीकृति प्रदान कर दी है। कलेक्टर द्वारा नीति आयोग के समक्ष प्रस्तुत किए गए इस विस्तृत प्रस्ताव को उच्च स्तरीय समिति ने सराहा और इसे आकांक्षी जिलों में शिक्षा सुधार का प्रभावी मॉडल माना। परियोजना के तहत 10 वीं और 12 वीं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी के लिए 1 लाख 83 हजार रूपए की विशेष शैक्षणिक सहायता स्वीकृत की गई है। इसी दौरान नीति आयोग ने आदेश भी जारी किया है, जिसके अंतर्गत अक्टूबर 2025 से मार्च 2026 तक आउटसोर्स आधार पर तैनात एस्पिरनेशल ब्लॉक फेलो के मानदेय के लिए राशि जारी करने की अनुमति प्रदान की गई है। शिक्षा में तकनीक का नया अध्याय कामयाबी प्रोजेक्ट के माध्यम से बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को अधिक आधुनिक, रोचक और प्रभावी बनाने के लिए वर्चुअल रियलिटी व आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग किया जाएगा, जिससे कठिन विषयों और अवधारणाओं को विद्यार्थियों को सरल भाषा और दृश्य माध्यम से समझाया जा सकेगा। कक्षाओं के बाद निरंतर सीखने की सुविधा उपलब्ध कराने कराने के लिए जिले के दूरस्थ और वनांचल क्षेत्रों में वन पाठशाला स्थापित की जाएगी। यहां विद्यार्थी ऑनलाइन अध्ययन सामग्री, डिजिटल कंटेंट और डाउट-क्लियरिंग सत्रों का लाभ ले सकेंगे। परियोजना का उद्देश्य केवल परीक्षाओं में सफलता तक सीमित नहीं है, बल्कि कांसेप्ट बेस्ड लर्निंग, दीर्घकालिक ज्ञान निर्माण, समग्र शैक्षणिक वातावरण का निर्माण पर विशेष बल दिया गया है, जिससे आने वाले समय में गांव को एक एजुकेशन हब के रूप में विकसित किया जा सके।

## जिला प्रशासन के निर्देश पर हुई कार्रवाई

# अवैध परिवहन करते 50 क्विंटल धान जब्त




कार्रवाई करती टीम।

**बैकुंठपुर।** जिले में खरीफ वर्ष 2025-26 के तहत 15 नवंबर से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी का कार्य तेजी से जारी है। खरीदी व्यवस्था को सुचारू एवं पारदर्शी बनाए रखने के लिए प्रशासन और खाद्य विभाग की टीमें लगातार निगरानी में जुटी हुई हैं। इसी सतर्कता का परिणाम है कि अवैध रूप से धान खपाने और परिवहन करने की कोशिश में लगे लोगों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। शनिवार को खाद्य विभाग की टीम ने बाजारपारा बैकुंठपुर स्थित आयुष शिवहरे ट्रेडर्स से
35 क्विंटल धान जब्त किया। व्यापारी के पास परिवहन एवं भंडारण से संबंधित आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं थे, जिसके कारण मंडी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई। इसी प्रकार जय भोले ट्रेडर्स, बाजारपारा बैकुंठपुर में भी जांच के दौरान 15 क्विंटल धान अवैध रूप से पाए जाने पर खाद्य विभाग ने जब्त करते हुए प्रकरण दर्ज किया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि धान खरीदी के दौरान किसी भी प्रकार के अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। निगरानी और सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

### किसान ने बेचा 40 क्विंटल धान इन्ट्री हो गई 47.60 क्विंटल

जिले के धान खरीदी केन्द्र सलबा में गंभीर लापरवाही का मामला सामने आया है। किसान भैयालाल पाल पिता रामप्रसाद ने बताया कि उसने 21 नवंबर को कुल 100 बोरी धान बिक्री के लिए केन्द्र में दिया था। इन 100 बोरियों का वास्तविक वजन लगभग 40.00 क्विंटल होता है, लेकिन अधिकारियों ने रिकॉर्ड में इसका वजन 47.60 क्विंटल दर्ज कर दिया। किसान के अनुसार यह इंद्राज स्पष्ट रूप से भारी लापरवाही और शासकीय प्रक्रिया में गंभीर कमी को दर्शाता है। जानकारों का कहना है कि धान खरीदी में वजन बढ़ा-चढ़ाकर दर्ज करना आगे चलकर समिति में नियुक्त मूल कर्मचारियों के लिए बड़ी मुसीबत बन सकता है। सूत्रों के अनुसार जिले की कई अन्य समितियों में भी बारदाना वितरण को लेकर अनियमितताओं और फर्जीवाड़े की शिकायतें लगातार सामने आ रही हैं। इस पर जिला प्रशासन को ध्यान दिए जाने की जरुरत है।

# निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 112 मरीजों का उपचार



**बैकुण्ठपुर।** नगर पंचायत पटना के अंतर्गत खजुराहिल स्कूल ग्राम काटकोना में विनायका हेल्थ केयर क्लिनिक के संचालक डॉ. रितेश कुशवाहा,श्री क्लीनिक के संचालक डॉ. शाश्वती संतरा, लक्ष्मी डेंटल क्लीनिक एवं डायग्नोसिस सेंटर के संचालक डॉ. शिवानी, सृजन अग्रवाल एवं डॉ. निष्ठा अग्रवाल व सरपंच काटकोना के तत्वाधान में निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 112 मरीजों का उपचार एवं दवा वितरण किया गया। इसमें सर्दी, खांसी मौसमी बुखार के अलावा अस्थमा, गठिया, जोड़ों का दर्द, शुगर ,ब्लड प्रेशर, पथरी, चर्म रोग, पाइल्स, ल्यूकोरिया, गर्भाशय से संबंधित बीमारियों, दांतों की सड़न, मसूड़े में सूजन, पायरिया एवं मुख्य संबंधित बीमारियों का उपचार किया गया। शिविर में चिकित्सकों ने बताया कि मौसम के अनुरूप साफ-सफाई पर विशेष ध्यान दें। यौन संक्रमण से बचने के संबंध में शराब, धूम्रपान, गुटका तंबाकू व अन्य नशा न करने की सलाह दी। शिविर को सफल बनाने में कटकोना सरपंच, नर्स स्वाति कुशवाहा, फार्मासिस्ट रोहित साहू, लैब टेक्नीशियन दीपक कुशवाहा सहित अन्य लोगों का योगदान रहा।

### जल संरक्षण को लेकर अधिकारियों ने किया श्रमदान

**बैकुण्ठपुर।** कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी के नेतृत्व में बैकुंठपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत पोटेडांड आश्रित ग्राम माटीझरिया एवं ग्राम पंचायत डोहड़ा आश्रित ग्राम टेंगनी में नाला बंधान का कार्य किया गया। इस अभियान का उद्देश्य जल संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना था। इस अभियान में कलेक्टर के साथ जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण सहित ग्रामीणों ने श्रमदान किया। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कि जल, जंगल और जमीन के बिना जीवन की कल्पना नहीं की जा सकती। जल संरक्षण हर व्यक्ति की जिम्मेदारी है। पानी का विवेकपूर्ण उपयोग करें और प्लास्टिक का उपयोग बंद करें, ताकि पर्यावरण को संरक्षित रखा जा सके। उन्होंने ग्राम माटीझरिया में जल संरक्षण के लिए नारी शक्ति से जल शक्ति समूह का निर्माण किया साथ ही किसानों को 5 प्रतिशत मॉडल को अपनाने का आह्वान भी किया। सुबह 8 बजे शुरू हुआ जल संरक्षण अभियान मोर गांव मोर पानी में जल ही जीवन है जैसे प्रेरक ध्येय वाक्यों के साथ पूरे उत्साह से संपन्न हुआ। नाले में बोरी बंधान कार्य से न केवल बहते पानी को रोका गया, बल्कि जल संरक्षण के प्रति जागरूकता का एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत किया गया। ग्रामीणों की भागीदारी और अधिकारियों का समर्पण यह साबित करता है कि जल संरक्षण और पर्यावरण रक्षा में सामूहिक प्रयास कितने महत्वपूर्ण हैं। यह पहल न केवल आज की जरूरत है।

## खबर संक्षेप

### परिक्षेत्र स्तरीय बैडमिंटन में साईं कॉलेज बना विजेता

**अम्बिकापुर।** शासकीय बाला साहेब देशमुख महाविद्यालय कुनकुरी में आयोजित परिक्षेत्र स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता में श्री साई बाबा आदर्श महाविद्यालय की महिला टीम वहीं पुरूष वर्ग में सरस्वती महाविद्यालय की टीम विजेता रही। महिला वर्ग में 15 टीमों ने भागीदारी की जिसमें साई कॉलेज की टीम द्वितीय चरण में शासकीय गर्ल्स कॉलेज बैकुण्ठपुर, तृतीय चरण में शासकीय रेवतीरमण मिश्र महाविद्यालय सूरजपुर के साथ खेला। दोनों चरण में विजेता रही टीम फाइनल में राजीव गांधी पीजी कॉलेज के साथ खेली। एकल और युगल दोनों प्रतियोगिता में जीत दर्ज किया।

### शिक्षकों से कुत्तों की गणना और निगरानी शर्मनाक निर्णय

**अंबिकापुर।** अल्पसंख्यक कांग्रेस के महासचिव परवेज आलम गांधी ने एक बयान जारी कर प्रदेश सरकार एवं शिक्षा विभाग की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि शिक्षकों को विद्यालयों में बच्चों को पढ़ाने के लिए नियुक्त किया जाता है, न कि कुत्तों की गिनती और निगरानी जैसे हास्यास्पद कार्यों के लिए। हाल ही में शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार विद्यालय प्रांगण के आसपास के क्षेत्रों में आवारा कुत्तों की संख्या का सर्वेक्षण एवं रिपोर्ट तैयार करने का दायित्व शिक्षकों को सौंपा गया है। यह निर्णय न केवल शिक्षक समुदाय का अपमान है, बल्कि यह शैक्षणिक व्यवस्था की गंभीर उपेक्षा भी है। जब शिक्षकों की कमी से शिक्षा व्यवस्था पहले से ही चरमराई हुई है
तब उन्हें पढ़ाई छोड़कर कुत्तों की गिनती में लगाना पूरी तरह से अव्यवहारिक और हास्यास्पद है। शिक्षकों द्वारा कुत्तों की गणना एवं निगरानी का आदेश तुरंत प्रभाव से निरस्त किया जाए।

### छात्र-छात्राओं ने किया योग प्राणायाम का अभ्यास

**अंबिकापुर।** पतंजलि योग समिति द्वारा शासकीय उमावि कल्याणपुर में शनिवार को सुबह 9 से 10 बजे तक छात्र-छात्राओं को योगासनों का अभ्यास कराया गया। कार्यक्रम में छात्र छात्राओं को यौगिग जागिंग, सूर्य नमस्कार, भस्त्रिका, कपाल भांथी, अनुलोम-विलोम, भ्रामरी उदगीत, प्रणव प्राणायाम का अभ्यास कराया गया तथा इससे होने वाले लाभों के संबंध बताया गया। योग शिक्षकों ने कहा कि योग हमारे ऋषि मुनियों की धरोहर है तथा वर्तमान में युवक युवतियों को इसे विशेष रूप से अपनाने की आवश्यकता है। योगासनों के अभ्यास से विद्यार्थियों को ज्ञान, भक्ति, कर्म को आत्मसात करने की शक्ति मिलती है तथा जीवन उत्साह और उत्सव में परिवर्तित हो जाता है। इस दौरान सह राज्य प्रभारी कमलेश योगी एवं योग शिक्षक मंगलेश श्रीवास्तव उपस्थित थे।

## रेड़ नदी किनारे 2 करोड़ की लागत से बन रहा छात्रावास भवन

# पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास भवन निर्माण में अनियमितता की शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

**खास बात**
- गुणवत्ताहीन निर्माण को लेकर लोगों में आक्रोश

बच्चों को छात्रावास की बेहतर सुविधा उपलब्ध हो इसके लिए पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास का निर्माण कराया जा रहा है। हैरानी की बात तो यह है कि दो करोड़ की लागत से बन रहे भवन में गुणवत्ता का ध्यान नहीं दिया जा रहा। आलम है कि घटिया निर्माण सामग्री के उपचार करने से भवन टिकाऊ होगा या नहीं इस पर भी सवाल उठने लगे। घटिया निर्माण को लेकर अब क्षेत्र के लोग न सिर्फ आक्रोशित है बल्कि गुणवत्ता युक्त भवन निर्माण कराने की मांग की है जिससे भवन टिकाऊ रहे।

विकासखंड मुख्यालय में निर्माणाधीन पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास में भारी अनियमितता बरती जा रही है। लगभग 2 करोड़ की लागत से बन रहे इस भवन में न तो निर्माण स्थल पर सूचना पटल लगाया गया है और न ही विभाग का कोई जिम्मेदार अधिकारी या इंजीनियर मौके पर मौजूद रहता है। ऐसे में ठेकेदार के न सिर्फ हौसले बुलंद है कि बल्कि ठेकेदार अपनी मनमर्जी से निर्माण कार्य करा रहा है, जिससे गंभीर वित्तीय अनियमितता और घटिया निर्माण की आशंका गहरी हो गई है। निर्माण स्थल पर लोगों ने बताया भवन निर्माण में काफी अनियमितता बरती जा रही है। घटिया ईट के अलावा अन्य निर्माण सामग्री की क्वालिटी काफी घटिया है। लोगों का आरोप है कि भवन निर्माण लगभग डोर लेबल तक हो चुका है लेकिन विभाग के जिम्मेदारी अधिकारी निर्माण की गुणवत्ता की परख करने मौके पर नहीं पहुंचे जिससे ठेकेदार द्वारा मनमानी तरीके से निर्माण कराया जा रहा है। यहां तक की फर्श ढलाई में भी गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। फर्श ढलाई से पूर्व रेत की जगह मिट्टी से पटाई कर ढलाई किया जा रहा है जिससे मिट्टी दबने के कुछ माह ही फर्श धंसने और फटने की संभावना है। लोगों का आरोप है कि जिस तरह से भवन का निर्माण कराया जा रहा है उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि भवन टिकाऊ नहीं है। क्षेत्र के लोगों ने निर्माणाधीन भवन की गुणवत्ता की जांच कर दोषी के विरूद्ध कार्रवाई किए जाने की मांग की है।


नदी के समीप निर्माणाधीन बालक छात्रावास।

### जगह का चयन गलत

लोगों का कहना है कि जिस जगह बालक छात्रावास भवन निर्माण के लिए चयन किया गया है वह गलत है। बालक छात्रावास भवन रेंड नदी के महज 100 मीटर की दूरी पर बनाया जा रहा है। भविष्य में सुरक्षा दीवार बनाई गई तो बाउंड्री वॉल सीधी नदी तक पहुंचेगी, जिससे नदी की धारा पर प्रभाव पड़ेगा और छात्रावास में रहने वाले छात्रों की जान पर सीधा खतरा मंडराता रहेगा। ऐसे में बरसात के मौसम में नदी का पानी छात्रावास के बिल्कुल पास तक पहुंच जाएगा जिससे छात्रों की सुरक्षा भगवान भरोसे रहेगी।

### बिना इंजीनियर के हो रहा निर्माण

सूत्रों के अनुसार निर्माण कार्य बिना एसडीओ, इंजीनियर की उपस्थिति में कराया जा रहा है। तकनीकी निगरानी पूरी तरह शून्य होने से स्पष्ट है कि गुणवत्ता का कोई पालन नहीं हो रहा है। जानकारों ने कहा कि अगर ऐसा ही चलता रहा तो भवन बनने से पहले ही खराबी शुरू हो जाएगी।

### निर्माण रोकने के दिए है निर्देश

पिछले 15 दिनों से निर्माण स्थल नहीं गया हूं। मेरी ड्यूटी महामहिम राष्ट्रपति के कार्यक्रम में लगी हुई थी। ठेकेदार को कार्य मानकों के अनुरूप नहीं होने की शिकायत के बाद कार्य रोकने के निर्देश पहले ही दिए गए थे। मामले की जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दूंगा।

-**राजा राम**, एसडीओ आदिवासी विकास विभाग



# मितानिन को पार्षद ने मोहल्ले वासियों के साथ मिलकर किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर के दर्रीपारा मणिपुर वार्ड क्रमांक 44 एवं 45 में मितानिन दीदियों के सम्मान में एक भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समाज की स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने में मितानिनों की महत्वपूर्ण भूमिका को देखते हुए स्थानीय पार्षद श्रीमती किरण प्रकाश साहू एवं मोहल्लेवासियों ने मिलकर कार्यक्रम आयोजित किया, ताकि उनके अथक परिश्रम, निस्वार्थ समर्पण और सतत सेवाभाव सम्मान कर सके।

कार्यक्रम में मितानीन रजिया बेगम , कृपा एक्का , सीमा एक्का, सुमन दास, सरिता सिंह, संगीता गौड़, सीता दास, एसी शशि राजवाड़े, एमटी निर्मला एवं नीलम लकड़ा को विशेष रूप से आमंत्रित कर उनका स्वागत किया गया। साथ ही उन्हें सम्मान स्वरूप ऊनी ब्लैंकेट प्रदान किए गए। उपस्थित लोगों ने मितानिनों द्वारा वर्षों से किए जा रहे स्वास्थ्य-सेवा कार्य गर्भवती महिलाओं की देखरेख, टीकाकरण, स्वास्थ्य जागरूकता, ग्रामीण एवं शहरी बस्तियों में समय पर सहायता की खुलकर प्रशंसा की और उन्हें समाज की वास्तविक स्वास्थ्य प्रहरी बताया। पार्षद श्रीमती किरण प्रकाश साहू ने कहा कि मितानीन ही वह कड़ी हैं जो समाज के हर घर तक स्वास्थ्य-सुविधाओं की जानकारी पहुचाती हैं और आवश्यकता पड़ने पर हर परिवार की पहली सहयोगी बनती हैं। इस दौरान सूर्य प्रकाश साहू, अभय साहू, दिव्या दुबे, सुशीला यादव, बबीता, प्यारो, सुशीला प्रभाकर, रानी चटर्जी, उर्मिला सिंह, अनिता साहू, रीता साहू, सोनी साहू, गुलाबी, सरिता मुण्डा, सुनिल साहू, संजू चटर्जी, अजय प्रभाकर, समित मुण्डा, सोनु मुदलियार, देवरतन मुण्डा, रमेश मुंडा, सुभाष साहू, पिंटू खन्ना, दिलीप श्रीवास्तव, सौरभ दास, राजा साहू, सत्यम साहू, ननकू मुण्डा सहित बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक मौजूद रहे।

### सरपंच ने किया मितानिनों का सम्मान



**रामानुजनगर।** जनपद पंचायत क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरई पारा में मितानिन दिवस के अवसर पर क्षेत्र के मितानिनों का सम्मान किया गया। सरपंच विजय कुमार सिंह ने साल और श्रीफल देकर मितानिनों का सम्मान किया। मितानिन दिवस के अवसर पर सचिन सत्यमेश्वर दास,विपिन चौधरी एवं समस्त मितानिन दीदी एवं ग्रामीण मौजूद रहे।

## रहनुमा एजुकेशन सोसायटी व जेजे हॉस्पिटल ने लगाया स्वास्थ्य शिविर



**अंबिकापुर।** शनिवार को रहनुमा एजुकेशन सोसायटी एवं जीवन ज्योति सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल द्वारा संयुक्त रूप से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। बरेजपारा स्थित सामुदायिक भवन में आयोजित स्वास्थ्य जागरूकता शिविर में लगभग 200 मरीजों ने पहुंचकर जांच करने के साथ ही चिकित्सकीय परामर्श लिया।

शिविर में जीवन ज्योति हॉस्पिटल के चिकित्सक डॉ. जेके सिंह, डॉ. उमेश खरे, डॉ. स्नेहा सिंह, डॉ. विनय कर्णिक, डॉ. सूरज लठिया, डॉ. अखिलेश भारत, डॉ. प्रभुता गुप्ता चतुर्वेदी, डाइटिशियन सुमन सिंह, डॉ. श्रेया सिंह ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच करने के साथ ही परामर्श दिया। शिविर का संचालन प्रतिभा पटेल ने किया। शिविर में बीपी, ब्लड शुगर, न्यूरोपैथी सहित कई स्वास्थ्य जांचें निःशुल्क की गईं। डॉक्टरों द्वारा मरीजों को आगे की देखभाल तथा स्वस्थ जीवनशैली से जुड़े आवश्यक सुझाव भी प्रदान किए गए। रहनुमा एजुकेशनल सोसाइटी ने बताया कि शिविर का उद्देश्य लोगों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना तथा जरूरतमंदों तक चिकित्सा सुविधाएं पहुंचाना है। 200 लोगों की उपस्थिति शिविर की सफलता को दर्शाती है। इस दौरान सोसाइटी के अध्यक्ष मोहम्मद इस्लाम, सचिव रशीद अहमद अंसारी, सदस्य मोहम्मद मेराज गुड्डू, हाजी यासीन फिरदौसी, मसूद आलम, नसीम अंसारी, शकील अहमद, सलीम अंसारी के साथ ही अधिवक्ता परवेज खान, जिलानी खान, अनीस कुरैशी, मोहम्मद हुसैन, एखलाक खान, इरशाद खान पिंटू, सिराजुद्दीन छोटू, शफ़ीक खान, आतिफ कमर, मोनू खान, फैजान अहमद, दुलारे सर, मोहम्मद सलमान, शादाब रिज़वी सहित अन्य मौजूद थे।

## शराब पीने से मना करने पर ग्रामीण ने पी लिया कीटनाशक, मौत

**अम्बिकापुर।** राजपुर थाना अंतर्गत बरियो क्षेत्र के ग्राम सिधमा निवासी धोबी पैकरा आ. स्व. घुरन पैकरा (54 वर्ष) शराब पीने का आदि तथा बीपी बीमारी से पीड़ित था। परिजन बीबी की दवा खाने पर शराब पीने से अक्सर मना करते थे। 19 नवम्बर को परिजन शराब पीने से मना किया तो धोबी पैकरा ने घर में रखे कीटनाशक को पी लिया। घटना की जानकारी लगने पर परिजन उसे तत्काल शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां उपचार के दौरान दूसरे दिन धोबी पैकरा की मौत है। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

## यातायात नियम विरूद्ध वाहन चालकों पर की गई कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर।

सड़क पर लहराकर, बिना नंबर व बिना ड्राईविंग लायसेंस के ट्रेक्टर चलाने वाले चालक के विरूद्ध पुलिस ने की एमव्ही एक्ट की कार्रवाई कर 8 हजार रूपये का समन शुल्क वसूल की। एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर ने सड़क दुर्घटनाओं पर रोक लगाने, सुरक्षात्मक उपाए सुनिश्चित कराने एवं यातायात नियमों के प्रति लापरवाही पर सख्ती से कार्रवाई करने के निर्देश दिए है। निर्देश पर पुलिस द्वारा लगातार यातायात नियमों के उल्लघंन पर कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में आज प्रतापपुर पुलिस ने बिना नंबर प्लेट के एक ट्रेक्टर को लहराकर चलाते देख वाहन को रोकवाया। बिना नंबर के ट्रैक्टर जिसका नंबर सीजी 29 एई 8346 है। पुलिस ने करंजवार निवासी चालक अनिश पैकरा (22 वर्ष) से ड्राइविंग लाइसेंस की मांग करने पर लाइसेंस नहीं होना बताया। जिस पर पुलिस ने एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए 8 हजार रुपये का समन शुल्क वसूल किया। एएसपी संतोष महतो ने कहा कि परमिट शर्तो का उल्ल्घंन न करे, केवल ड्राईविंग लायसेंस धारकों से ही वाहन चलवाए, वाहन में आगे-पीछे नंबर प्लेट लगे हालत में ही वाहन सड़क पर चले यह सुनिश्चित की जाए और यातायात नियमों का पालन कर सुरक्षित रहे, नियमों के उल्लघंन पर सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं धन साय पैकरा (DHAN SAY PAIKARA) उम्र लगभग 45 वर्ष पिता बहादुर पैकरा जाति कंवर निवासी-म.क्र.108 स्कूलपारा ग्राम कसकेला पोस्ट करवां जिला सूरजपुर (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि उक्त पते पर निवास करता हूं। मेरा आधार कार्ड क्र. 226986322899 है। मेरे समस्त दस्तावेज में मेरा नाम धन साय पैकरा (DHAN SAY PAIKARA) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम गोवर्धन पैकरा (Govardhan Paikra) त्रुटिवश दर्ज हो गया है। मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम गोवर्धन पैकरा (Govardhan Paikra) के स्थान पर मेरे समस्त दस्तावेज के अनुसार वास्तविक एवं सही नाम आधार कार्ड में धन साय पैकरा (DHAN SAY PAIKARA) दर्ज कराना चाहता हूं।
जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
धनसाय पैकरा
पिता बहादुर पैकरा
निवासी-म.क्र.108 स्कूलपारा ग्राम कसकेला पोस्ट करवां जिला सूरजपुर (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमती रजमनिया (RAJMANIYA) जन्म तिथी 15.12.1975 पति मोहर साय जाति रजवार, निवासी-म.क्र.23 ग्राम माझीपारा, कृष्णापुर पोस्ट भिट्ठीकला, तह. अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मैं उक्त पते पर निवास करती हूं। मेरा आधार कार्ड क्र. 286822701710 है। मेरे पति के एस.ई.सी.एल.के सेवा पुस्तिका व मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम रजमनिया (RAJMANIYA) जन्म तिथी 15.12.1975 दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम रजमेन रजवाड़े (RAJMEN RAJWADE) जन्म तिथी 01.01.1976 मेरे अज्ञानता व त्रुटिवश दर्ज हो गया है। मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम रजमेन रजवाड़े (RAJMEN RAJWADE) जन्म तिथी 01.01.1976 के स्थान पर मेरे पति के एस.ई.सी.एल.के सेवा पुस्तिका व मेरे जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार वास्तविक एवं सही नाम आधार कार्ड में सुधरवाकर रजमनिया (RAJMANIYA) जन्म तिथी 15.12.1975 दर्ज कराना चाहती हूं।
जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
श्रीमती रजमनिया
पति मोहर साय
निवासी-म.क्र.23 ग्राम माझीपारा, कृष्णापुर पोस्ट भिट्ठीकला, तह. अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं श्रीमती सबतरी (SABTARI) जन्म तिथी 25.03.1972 पति सिधनाथ जाति उरांव, निवासी-म.क्र.15 ग्राम पहाड़पारा, पोस्ट बकिरमा, तह. अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करती हूं कि मैं उक्त पते पर निवास करती हूं। मेरा आधार कार्ड क्र. 364989083920 है। मेरे पति के एस.ई.सी.एल.के सेवा पुस्तिका व मेरे जन्म प्रमाण पत्र में मेरा नाम सबतरी (SABTARI) जन्म तिथी 25.03.1972 दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम सावित्री कुजुर (SAVITRI KUJUR) जन्म तिथी 01.01.1974 मेरे अज्ञानता व त्रुटिवश दर्ज हो गया है। मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम सावित्री कुजुर (SAVITRI KUJUR) जन्म तिथी 01.01.1974 के स्थान पर मेरे पति के एस.ई.सी.एल.के सेवा पुस्तिका व मेरे जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार वास्तविक एवं सही नाम आधार कार्ड में सुधरवाकर सबतरी (SABTARI) जन्म तिथी 25.03.1972 दर्ज कराना चाहती हूं।
जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रही हूं।

भवदीय
श्रीमती सबतरी
पति सिधनाथ
निवासी-म.क्र.15 ग्राम पहाड़पारा, पोस्ट बकिरमा, तह. अंबिकापुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं परसोत्तम (PARSOTTAM) जन्म तिथी 04.11.1975 पिता नाथु राम (Nathu Ram) जाति रजवार निवासी-म.क्र.107 जंगलपारा ग्राम जरही पोस्ट जरही थाना भटगांव तह. प्रतापपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि उक्त पते पर निवास करता हूं। मेरा आधार कार्ड क्र. 864357374314 है। मेरे एस.ई.सी.एल.के सेवा पुस्तिका में मेरा नाम परसोत्तम (PARSOTTAM) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम प्रसोत्तम रजवार (Prasottam Rajwar) त्रुटिवश दर्ज हो गया है। मेरे आधार कार्ड में दर्ज नाम प्रसोत्तम रजवार (Prasottam Rajwar) के स्थान पर मेरे एस.ई.सी.एल. के सेवा पुस्तिका के अनुसार वास्तविक एवं सही नाम आधार कार्ड में सुधरवाकर परसोत्तम (PARSOTTAM) दर्ज कराना चाहता हूं।
जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
परसोत्तम
पिता नाथु राम
निवासी-म.क्र.107 जंगलपारा ग्राम जरही पोस्ट जरही थाना भटगांव तह. प्रतापपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं चंदन कुमार विश्वकर्मा जन्म तिथी 06.05.1991 पिता राजेस्वर विश्वकर्मा जाति लोहार, निवासी-म.क्र.बी-34, वार्ड क्र.11 उर्जानगर, ग्राम जरही पोस्ट जरही थाना भटगांव, तह.-प्रतापपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) मैं शपथपूर्वक कथन करता हूं कि उक्त पते पर निवास करता हूं। मेरा आधार कार्ड क्र. 266524013668 है व मेरी पुत्री का आधार कार्ड क्र. 503760031960 है। मेरी पुत्री के स्कूल रिकार्ड व जन्म प्रमाण पत्र में मेरी पुत्री का नाम युशिता विश्वकर्मा (YUSHITA VISHWAKARMA) दर्ज है जो कि सत्य एवं सही है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में घरेलु नाम अद्रिका (Adrika) त्रुटिवश दर्ज हो गया है। मेरी पुत्री आधार कार्ड में दर्ज नाम अद्रिका (Adrika) के स्थान पर मेरी पुत्री के स्कूल रिकार्ड व जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार वास्तविक एवं सही नाम आधार कार्ड में सुधरवाकर युशिता विश्वकर्मा (YUSHITA VISHWAKARMA) दर्ज कराना चाहता हूं।
जिस हेतु मैं स्वयं का शपथ पत्र निष्पादित कर रहा हूं।

भवदीय
चंदन कुमार विश्वकर्मा
पिता राजेस्वर विश्वकर्मा
निवासी-म.क्र.बी-34, वार्ड क्र.11 उर्जानगर, ग्राम जरही पोस्ट जरही थाना भटगांव, तह.-प्रतापपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.)

सरगुजा मार्केट

संभाग के एकमात्र डाइबिटीज थाइरायड इंडोक्रिनोलॉजिस्ट अब अम्बिकापुर में
डॉ.संजीत जायसवाल
MD, DM (Endocrinologist)
डाइबिटीज, थाइराइड, मोटापा, माहवारी में समस्या, नपुंसकता, निःसंतानता, हाई बीपी, कोलेस्ट्राल की समस्या, हड्डियों की कमजोरी एवं टेढ़ापन, छोटे कद की समस्या के लिये परामर्श हेतु उपलब्ध
दिनांक - 7 दिसम्बर 2025, रविवार
नोट :- डॉ प्रत्येक माह के पहले रविवार को उपलब्ध रहेंगे।
संपर्क- विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूं बाड़ी, सी.एम.ओ. ऑफिस के बगल में दर्रीपारा, अम्बिकापुर
अग्रिम पंजीयन के लिए 7587722255 पर सम्पर्क करें।

रायपुर के सुप्रसिद्ध मस्तिष्क रोग विशेषज्ञ
डॉ.आशु जैन
MBBS, M.S., M.ch Neurologist
दिनांक 07 दिसम्बर , दिन रविवार
एसआरएस हॉस्पिटल — 10 बजे से शाम 2 बजे तक
सीटी हॉस्पिटल नमनाकला, अम्बिकापुर — 12 बजे से 1 बजे तक
गायत्री हॉस्पिटल — शाम 3 बजे से 5 बजे तक

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल , रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 नवम्बर 2025, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 29 नवंबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 06 दिसंबर 2025, शनिवार
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
दिनांक 23 नवम्बर 2025 दिन - रविवार
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर में झुनझुनी
दूरबीन से स्पाईन, रीढ़ की हड्डी की सर्जरी की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500, +91 72408 02000
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 26 नवम्बर 2025 दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है ।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

आप परेशान क्यों हैं ?
वारसी शिफा
खाना रूहानी जड़ी-बूटी द्वारा ईलाज
अगर दवा काम नहीं करती तो आज ही मिलिए हकीमुल्क जनाब वारसी साहब के साहबजादे से अपने वालिद से 35 वर्षों का अनुभव प्राप्त कर कई सालों से सेवा देते आ रहे है अनेक बे औलादों को औलाद प्राप्त हुई किसी भी साया का बुरा असर भुत-प्रेत, पति-पत्नी के झगड़े, मोहब्बत, दिमागी परेशानी, कारोबार में बरकत के लिए, गर्भ न ठहरना, नामर्दगी, रूहानी एवं जड़ी-बूटी द्वारा।
बीमारीयों से छुटकारा पाने के लिए मिलिए।
परामर्श शुल्क मात्र 500 रु.
मिलने का समयः- सुबह 09 बजे से 11 बजे तक
पता - वारसी मंजिल, महामाया प्रवेश द्वार, शहीद अब्दुल हमीद चौक वारसी नगर रिंग रोड अम्बिकापुर, जिला- सरगुजा (छ.ग.)
मो. 9753266386

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
डॉ. अभिजीत कुमार कोहाट
MD, DM (Neurology)
मस्तिष्क रोग एवं नस रोग समस्याएँ
- लकवा, पैरालिसिस, मिर्गी एवं सिर दर्द का इलाज
- दिमागी बुखार, भूलने की बीमारी (अल्जाइमर रोग)
- पार्किंसन बीमारी, गर्दन, बांह और पैरों का दर्द
डॉ.आर.के.साहू
MD, DM (nephrology)
छ.ग. के सुप्रसिद्ध किडनी रोग विशेषज्ञ
- शरीर में सून हो, खून की कमी,
- थकावट, सांस का फूलना,
- पेशाब में तकलीफ जैसे रक्त का आना, दर्द होना,।
डॉ. नमन जैन
MD Medicine,DNB Rheumatology,EULAR Fellowship in Rheumatology
रायपुर के सुप्रसिद्ध गाठिया रोग विशेषज्ञ
- जोड़ो में दर्द,सुजन,अकड़न,बार बार मुंह में छाले होना
- आंखों एवं त्वचा का सुखना,रह्युमेटाइड आर्थराइटिस
- संधिवात,गठियावात की शिकायत,आस्टियो अर्थराईटिस
CT SCAN AVAILABLE 24/7
डॉक्टर्स हाउस / सरगुजा
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल -II
रानी तालाब के सामने,जिला हॉस्पिटल रोड़ अम्बिकापुर
डॉ. देवान्श मिश्रा
MBBS,MS (General Surgery) M.Ch. Neurosurgery
रायपुर के सुप्रसिद्ध गाठिया नस रोग विशेषज्ञ
- सिर की चोट, स्पॉन्डिलाइटिस, ब्रेन ट्यूमर, ब्रेन हेमरेज
- चेहरे पर तीव्र दर्द, लकवा, मिर्गी
- बच्चों के कमर में गठान, रीढ़ की हड्डी का टी.बी.
तेज डायग्नोस्टिक/ ब्लड सेन्टर — 1.5 TESLA MRI — MULTISLICE CT SCAN & ALL DIAGNOSTIC
23 नवम्बर 2025, प्रत्येक माह के चौथे रविवार
अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555,9425583780,9826183780, 8224007799,8718003300,6262639090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जॉच की सुविधा उपलब्ध

TOP IN SURGUJA

क्या आप भी परेशान हैं इन सब से ?
- चेहरे या पुरे शरीर में सूजन
- पेशाब में जलन
- यूरिया, क्रिएटिन का बढ़ना
- पेशाब कम आना या प्रोटीन आना
- पेशाब का रंग लाल होना
- हॉथ और पैरों में कमजोरी
- डायबिटिक किडनी
- किडनी स्टोन
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL — CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
कम खर्चे में ईलाज सर्वसुविधा युक्त के साथ ईलाज
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
सरगुजा संभाग के पहले नेफ्रोलॉजिस्ट अब गायत्री हॉस्पिटल में प्रतिदिन उपलब्ध
किडनी रोग विशेषज्ञ
डॉ. ऋषभ गुप्ता
MD Medicine, DM Nephrologist
Gold Medalist

## खबर संक्षेप

### एलपी गुप्ता को मिली पीएचडी की उपाधि



**अंबिकापुर।** श्री साईं बाबा आदर्श स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सहायक प्राध्यापक एलपी गुप्ता को डॉक्टरेट की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने पीके यूनिवर्सिटी शिवपुरी के डॉ. आशीष विश्वकर्मा के शोध निर्देशन में इफेक्ट ऑफ हेवी मेटल्स ऑन द एंजाइम एक्टिविटीज इन द ब्लड ऑफ फ्रेश वाटर फिशेष इन श्याम घुनघुट्टा डैम ऑफ अंबिकापुर रिजन विषय पर शोध किया है।

### नए लेबर कोड के विरुद्ध चारों श्रमिक संगठनों ने बनाई रणनीति, 26 को करेंगे विरोध प्रदर्शन

**बिश्रामपुर।** एसईसीएल क्षेत्र में आने वाले दिनों में श्रमिक आंदोलन तेज होने की खबर है,केंद्र सरकार द्वारा लागू किए गए नए लेबर कोड्स को मजदूर विरोधी बताते हुए कोल क्षेत्रों में चार बड़े श्रमिक संगठन एचएमएस,एटक,इंटक और सीटू एक मंच पर साथ आ गए हैं,बिश्रामपुर में गत दिनों हुई संयुक्त बैठक में तय हुआ कि 26 नवंबर को पूरे क्षेत्र में जोरदार विरोध प्रदर्शन किया जाएगा,बैठक में एकमत से कहा गया कि केंद्र सरकार द्वारा श्रम कानूनों का एकतरफा क्रियान्वयन न सिर्फ मजदूरों के अधिकारों का हनन है,बल्कि यह नियोक्ताओं को अनुचित बढ़त देने वाला कदम भी है,संयुक्त ट्रेड यूनियन मंच ने घोषणा की है कि अब समय आ गया है जब मजदूर अपनी एकता का परिचय देते हुए सड़कों पर उतरें और अपने अधिकारों की रक्षा के लिए निर्णायक संघर्ष करें,संयुक्त बैठक में लिए गए निर्णयों के अनुसार विरोध प्रदर्शन पूरे क्षेत्र में एकसाथ संचालित होगा,जिसके तहत सभी इकाइयों में कर्मचारियों द्वारा काला फीता लगाया जाएगा,क्षेत्रीय मुख्यालय में चारों यूनियनों का संयुक्त प्रदर्शन किया जाएगा,जिसमें लेबर कोड की प्रतियों को जलाकर मजदूर वर्ग अपना कड़ा विरोध दर्ज कराएगा, बैठक में नेताओं ने यह भी कहा कि यदि सरकार ने इन कानूनों को वापस नहीं लिया तो मजदूर संगठन एक लंबे अवधि की हड़ताल पर जाने से भी पीछे नहीं हटेंगे,सभा के दौरान मजदूर प्रतिनिधियों ने जोरदार नारेबाजी भी की,संयुक्त विरोध की घोषणा के बाद पूरे बिश्रामपुर क्षेत्र में मजदूरों के बीच चर्चा तेज हो गई है,खदानों में काम करने वाले सैकड़ों श्रमिक इस निर्णय को लेकर सक्रिय होने लगे हैं,बताया जा रहा है कि अगर आंदोलित श्रमिकों का यह एकजुट आंदोलन आगे बढ़ता है तो एसईसीएल के कार्यों पर भी इसका व्यापक प्रभाव देखने को मिल सकता है।

### कमिश्नर ने राजपुर एवं शंकरगढ़ का किया दौरा एसआईआर कार्य समय पर करने दिए निर्देश



**शंकरगढ़।** कमिश्नर नरेन्द्र दुग्गा द्वारा आज बलरामपुर जिले का निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने राजपुर अनुभाग तथा शंकरगढ़ अनुभाग का दौरा किया। विशेष रूप से शंकरगढ़ ब्लॉक में कमारी, दोहना, सरगवा और दीपाडी के चार पोलिंग स्टेशनों में चल रहे एसआईआर कार्यों का निरीक्षण किया गया। कमिश्नर ने सभी उपस्थित बीएलओ, संबंधित अधिकारी, ग्राम सचिव और सुपरवाइजर से संवाद किया तथा एसआईआर कार्य में डिजिटलाइजेशन करने एवं समयसीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एसडीएम अनमोल टोप्पो तथा तहसीलदार दानिश परवेज उपस्थित रहे।

### केतकी खदान में बेहतर उत्पादन डिस्पैच की दिलाई गई शपथ



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर की केतकी खदान में रविवार को खदान प्रबंधन की ओर से गुणवत्ता सुधार को लेकर विशेष आयोजन किया गया,खदान प्रबंधक विनम्र जैन ने सभी कर्मचारियों और कामगारों को गुणवत्ता सर्वोपरि की प्रतिज्ञा दिलाई,खदान परिसर में उपस्थित सभी कर्मचारी ने प्रतिबद्धता जताई कि कंपनी की साख और ग्राहक की संतुष्टि को सर्वोच्च मानते हुए वे बेहतर और गुणवत्तायुक्त कोयले के उत्पादन व डिस्पैच हेतु पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे,कार्यक्रम में क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक अमरेंद्र नारायण सिंह समेत वरिष्ठ तकनीकी निरीक्षक चरणजीत सिंह व बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी व कामगार मौजूद थे,यहां पर कहा गया कि उत्पादन तभी सार्थक है जब वह गुणवत्ता के उच्च मानकों को पूरा करे,अभियान को व्यापक रूप देने के उद्देश्य से क्षेत्रीय गुणवत्ता प्रबंधक ने अलग–अलग इकाइयों में पहुंचकर गुणवत्ता सुधार का संदेश दिया, प्रबंधन का कहना है कि बदलते औद्योगिक प्रतिस्पर्धा के दौर में ग्राहक संतुष्टि ही कंपनी की असली पहचान है, गुणवत्ताहीन उत्पादन न सिर्फ साख को प्रभावित करता है,बल्कि भविष्य की संभावनाओं को भी कम कर देता है,ऐसे में यह अभियान खदानों में अनुशासन,जागरूकता और उत्कृष्ट कार्यशैली को बढ़ावा देगा।

## बाइक से पांच ग्रामीण गए थे कोदवारी जंगल

# खोई गाय को ढूंढने टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में पहुंचे ग्रामीण की हाथियों ने ली जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/प्रतापपुर

वन विभाग द्वारा लगातार जन जागरूकता अभियान चलाने के दावे के बावजूद मानव-हाथी द्वंद रूकने का नाम नहीं ले रहा है। शनिवार को बिना सूचना गुरूघासी दास तमोर पिंगला टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में बाइक से साथियों के साथ पहुंचे ग्रामीणों का हाथियों से सामना हो गया। इस दौरान साथी अपनी बाइक छोड़कर भागने में सफल हो गए जबकि अपनी जान बचाने के लिए झाड़ियों में छिपे एक ग्रामीण को दंतैल ने कुचलकर मार डाला।

**खास बात**

- सामने हाथियों को देख चार ग्रामीणों ने भागकर बचाई जान

गुरूघासी दास नेशनल पार्क एवं तमोर पिंगला अभयारण्यको टाइगर रिजर्व घोषित करने के बाद जंगल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। तमोर पिंगला अभ्यारण्य को एलिफेंट रिजर्व घोषित किया है तथा जंगल में पूरे साल बड़ी संख्या में हाथियों की मौजूदगी रहती है। शुक्रवार को जंगल में चरने गइ्र ग्राम रमकोला पण्डोपारा निवासी सैफुद्दीन आ. मो. महबूब (55 वर्ष) की गाय जंगल से वापस नहीं लौटी तो शनिवार को वह गांव के ही सद्दाम पिता महबूब (30 वर्ष), लालबाबू पिता जीतलाल पण्डो (22 वर्ष), रतन पिता महिपाल पण्डो एवं अजमेर अली पिता कैमुद्दीन (28 वर्ष) के साथ अलग-अलग बाइक पर सवार होकर गेम रेंज पिंगला में अपनी गाय को तलासने निकला। गाय की तलास में ग्रामीण गेम रेंज पिंगला स्थित टाइगर रिजर्व के कोर एरिया कोदवारी जंगल के कक्ष क्रमांक 413 में पहुंचे तो सैफुद्दीन की गाय चरते मिली। गाय को देखने के बाद ग्रामीण बाइक से वापस अपने घर लौट रहे थे। ग्रामीण जैसे ही बागमाडू तालाब के पास पहुंचे हाथियों से सामना हो गया। हाथियों को सामने देख ग्रामीण अपनी बाइक छोड़कर इधर-उधर भाग निकले जबकि सैफुद्दीन पास की झाड़ियों में छिप गया। दल के हाथी सैफुद्दीन की ओर बढ़ने लग तो उसके साथियों ने उसे भागने को कहा लेकिन सैफुद्दीन अपने को सुरक्षित समझ झाड़ियों में छिपा रहा। इस दौरान हाथियों ने उसे घेर लिया तथा दल के एक दंतैल ने अपने पैरों से उसे कुचल दिया जिससे घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो गई। सभी ग्रामीणों ने घटना की सूचना वन अधिकारियों को दी, वन अमला पुलिसकर्मियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचा एवं चार घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद रात्रि 11.30 बजे मृतक का शव बरामद कर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रतापपुर की मरच्यूरी में रखवाया। रविवार को पीएम उपरांत शव परिजन को सौंपा गया। अधिकारियों ने मृतक की पत्नी जमीरन बीबी को 25 हजार रूपए की तत्कालिक सहायता प्रदान की है।




मृतक के परिजन को सहायता राशि देते अधिकारी।

### नहीं दी थी सूचना

तमोर पिंगला अभयारण्य के अधीक्षक वीबी केरकेट्टा ने बताया कि टाइगर रिजर्व घोषित होने के बाद विभाग की अनुमति के बिना जंगल के कोर एरिया में जाने की मनाही है। इस संबंध में आसपास के ग्रामीणों को सूचना भी दी गई है। अनुमति तो दूर ग्रामीणों ने जंगल में जाने की सूचना भी किसी वनकर्मी को नहीं दी तथा ग्राम धुरिया के रास्ते चार किमी दूर बीच जंगल में पहुंच गए। हिंसक वन्य जीवों की आवाजाही के मद्देनजर बिना अनुमति जंगल में प्रवेश पर रोक लगाई है। वर्तमान में वनकर्मियों द्वारा लगातार टाइगर की मॉनिटरिंग की जा रही है वहीं गज संकेतक एप के माध्यम से नियमित हाथियों का लोकेशन शेयर किया जा रहा है। कुमकी हाथियों के माध्यम से रेस्क्यू सेंटर के महावत भी हाथियों पर नजर रख रहे है। ग्रामीण विभाग के निर्देशों की अवहेलना कर छिपते-छिपते कोर एरिया में पहुंच गए थे।

#### अवैध चराई बड़ी समस्या

हाथियों की सुविधा के लिए वन विभाग ने जंगल के बड़े क्षेत्र में विभिन्न किस्म के घास के मैदान तैयार किया है। पर्याप्त चारा उपलब्ध होने के कारण हाथी पूरे साल जंगल में रह रहे हैं। इधर आसपास के ग्रामीण सुबह होते ही चरने के लिए अपने मवेशियों को जंगल में खदेड़ देते हैं। हर दिन एक हजार से अधिक पालतू मवेशी पूरे दिन जंगल में चरते हैं तथा शाम होने पर वापस घर लौट आते हैं। कई बार मवेशी भटक जाते हैं तथा कई बार हिंसक वन्य जीवों का शिकार बन जाते हैं। वनकर्मियों द्वारा बार-बार मना करने के बावजूद ग्रामीण अवैध चराई को नहीं रोक रहे हैं। वर्तमान में तमोर पिंगला अभयारण्य में हाथियों का तीन दल अलग-अलग क्षेत्र में भ्रमण कर रहा है।

#### दी गई है 25 हजार की सहायता

ग्रामीण शनिवार को बिना सूचना दिए टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में पहुंच गए थे। सूचना पर कड़ी मशक्कत के बाद मृतक का शव बरामद किया गया। मृतक की पत्नी को 25 हजार की तात्कालिक सहायता प्रदान की गइर है।

-वीबी केरकेट्टा
अधीक्षक, तमोर पिंगला अभयारण्य

## केवरा मोड के समीप दुकान के सामने रखे कराकट से टकराया बाइक सवार, मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ लखनपुर

नेशनल हाईवे 130 स्थित केवरी मोड़ के समीप दुकान के सामने रखे कराकट से बाइक सवार टकरा गया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के साथ ही जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार ग्राम कटिंदा निवासी राकेश दास आ. लाल दास (26 वर्ष) वाहन चलाने का काम करता था। रविवार की दोपहर 12.30 बजे शहर से अपने घर ग्राम कटिंदा बाइक से जा रहा था। जैसे ही बाइक सवार शाम लगभग 3.30 बजे एनएच 130 केवरी मोड़ के समीप ढाबा के सामने पहुंचा तभी बाइक से नियंत्रण खो बैठा जिससे अनियंत्रित होकर सड़क किनारे दुकान के सामने रखे कराकट से जा टकराया। बाइक की टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक के गला में गंभीर चोट लगने से मौके पर ही अचेत हो गया। घटना को देख आसपास के लोगो ने राकेश दास को उपचार हेतु लखनपुर अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित किया। इधर मृत युवक के पिता लाल दास आ.स्व.भगत राम (46 वर्ष) ने घटना की सूचना लखनपुर थाने में दी। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द कर जांच में जुट गई है।

### दशगात्र कार्यक्रम के दौरान फटा प्रेशर कुकर, दो महिलाएं झुलसी

**रामानुजगंज।** विकासखंड के ग्राम सिलाजू में शनिवार की शाम दशगात्र कार्यक्रम था। सिलाजू निवासी प्रेम कुमार यादव के पिता के दशगात्र में भोजन बनाने का काम चल रहा था। इसी दौरान अचानक ही एक प्रेशर कुकर अचानक से फट गया। हादसा इतना अचानक हुआ की आस पास मौजूद लोगों को सम्भलने का मौका नहीं मिला जबकि धमाका इतना जोरदार था कि हड़कंप मच गया। इस हादसे के दौरान किचन में मौजूद प्रेम कुमार की पत्नी 30 वर्षीया सुषमा यादव और मौसी 50 वर्षीया फुलवा देवी गंभीर रूप से झुलस गई। घटना के बाद महिलाओं को गंभीर स्थिति में 100 बिस्तरीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां से उन्हें प्राथमिक उपचार के बाद सुषमा यादव को जिला अस्पताल रिफर कर दिया गया है जबकि फुलवा देवी का उपचार स्थानीय अस्तपाल में जारी है।

## पेज 1 के शेष...

### हरियाणा का गिरोह...

नुमान व अन्य लोग जमीन अपना होने का दावा करते हुए विवाद कर रहे थे। इसी दौरान फैजान अंसारी ने हरियाणा के कुछ लोगों को फोन कर मौके पर बुलाया। कुछ ही देर में बलेनो कार क्रमांक टी 1125 एचआर 5651 डीबी से कुछ लोग धारदार हथियार, डंडा, रॉड लेकर पहुंचे और गाली गलौज करते हुए दुबारा उक्त जमीन पर आने पर जेसीबी से गड्ढा खोदकर दफन करने की धमकी दी। झगड़े के दौरान शाहिद का मोबाइल फोन कहीं गिर गया जबकि उर्स उस्मान के मोबाइल को आरोपियों ने पटककर तोड़ दिया। विवाद बढ़ने पर भीड़ एकत्रित हुई और उन्होंने आरोपियों की पकड़कर पिटाई कर दी ऐसे में किसी अन्य व्यक्ति की मदद से कार में बैठकर भाग निकले। ऐसे में सद्दाम खान ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस द्वारा घटना की जांच शुरू की गई। इस दौरान पुलिस ने हरियाणा के पानीपत ग्राम इसराना निवासी 24 वर्षीय सागर उर्फ पहलवान आ. रमजानीक, रोहतक सापला खेड़ीसाथ निवासी 37 वर्षीय अमित कुमार आ. करमवीर व रोहतक किलोई निवासी 28 वर्षीय विजय लोहार आ. सत्यपाल लोहार को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस ने आरोपियों के पास से घटना में प्रयुक्त बांस का डण्डा, स्टील का रॉड, एक लोहे का चापर एवं क्षतिग्रस्त बलेनो कार को आरोपियों से जब्त किया है। पुलिस ने मामले में आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 296(बी), 351(3), 115(2), 191(3), 111 (2) (ख) एवं 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकांत सिन्हा, सउनि अदीप प्रताप सिंह, विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक सूरज राय, आरक्षक अमरेश सिंह, संजीव चौबे सक्रिय रहे।

### न्यायाधीश के अंतः ...

सर्वोच्च दायित्व है, जिसे सत्यनिष्ठा, अनुशासन और न्यायिक नैतिकता द्वारा निभाया जाना चाहिए। जब न्यायाधीश विधि के शासन और संविधान के मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हैं, तब न्यायपालिका दृढ़ता से खड़ी रहती है। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल तथा रजिस्ट्री अधिकारीगण वर्चुअल उपस्थिति हुए। स्वागत उद्बोधन प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश अम्बिकापुर द्वारा दिया गया तथा परिचयात्मक वक्तव्य छत्तीसगढ़ राज्य न्यायिक अकादमी की निदेशक द्वारा प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का समापन प्रथम जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश अम्बिकापुर के धन्यवाद प्रस्ताव से हुआ।

### शहीदी दिवस पर शहर में...

में गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा के प्रधान सरदार गुरचरण सिंह छाबड़ा, सचिव सचिन हर्षदीप सिंह धंजल, कोषाध्यक्ष प्रितपाल सिंह मथारू, सिख समाज के वरिष्ठजन तथा विभिन्न समाजों के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस अवसर पर प्रधान सरदार गुरचरण सिंह छाबड़ा ने कहा कि गुरु तेग बहादुर जी ने कश्मीरी पंडितों एवं धर्मरक्षा हेतु अपना शीश न्यौछावर कर मानवता को अत्याचार से मुक्त कराने का मार्ग दिखाया। उनके साथ भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी की बलिदानी परंपरा दुनिया में अद्वितीय है। कार्यक्रम के अंत में गुरु का लंगर वितरित किया गया जिसमें सभी समुदायों के लोगों ने भाग लेकर भाईचारे एवं सद्भाव का संदेश दिया।

## राइस मिल के बोरा गोदाम में लगी आग, दमकल टीम ने पाया काबू

**अंबिकापुर।** शहर से लगे भिट्ठी कला स्थित राइस मिल में रविवार की शाम आग लग गई। आग बोरा गोदाम में लगी जिसके बाद हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने लगभग साढ़े तीन घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। बताया जा रहा है कि रविवार की शाम भिट्ठीकला स्थित बीएम फूड्स के नाम से संचालित राइस मिल में आग लग गई। आग राइस मिल के मशीनों के समीप स्थित बोरा गोदाम में लगी थी। आगजनी की मुख्य वजह शोर्ट सर्किट को बताया जा रहा है। कर्मचारियों ने आग लगने की जानकारी शाम 4.28 बजे दमकल विभाग को दी। सूचना मिलने के बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची इस दौरान गोदाम के छत पर लगे शीट को तोड़कर आग बुझाने का काम शुरू किया। दमकल कर्मियों ने तीन दिशाओं से पानी का छिड़काव किया। दो दमकल वाहनों से लगातार पांच ट्रिप पानी डालकर आग पर काबू पाया। इस आगजनी की घटना में सिर्फ बोरे जलने की बात सामने आई है। इस दौरान दमकल प्रभारी गुलशन तिवारी, फायरमैन अन्जेश शुक्ला, चालक बीजू नायर, पवन गुप्ता, सैनिक आकाश रजक सक्रिय रहे।

# अवैध रेत परिवहन करते पकड़ा गया टिपर

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजपुर



क्षेत्र में रेत तस्करी के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी है। एक बार फिर से कलेक्टर राजेंद्र कटारा के निर्देश पर एसडीएम देवेंद्र प्रधान के नेतृत्व में बरियों नायब तहसीलदार नरेंद्र कंवर ने टीम के साथ बघिमा मुख्य मार्ग पर विशेष जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान एक संदिग्ध टिपर को रोककर पूछताछ की गई। वाहन चालक खेलसाय पिता दाम्हार साय, निवासी परसवार कला, अपने सोल्ड लिखित वाहन में परसवार कला से पटोरा धौरपुर की ओर रेत परिवहन कर रहा था। जांच टीम द्वारा वैध दस्तावेज प्रस्तुत करने का निर्देश दिए जाने पर चालक कोई भी अनुमति पत्र नहीं दिखा सका। दस्तावेजों की अनुपस्थिति में वाहन को अवैध परिवहन की श्रेणी में पाते हुए तत्काल जब्त कर बरियों चौकी के सुपुर्द कर दिया गया। प्रशासन का कहना है कि खनिज विभाग व राजस्व अमले द्वारा जिले के विभिन्न क्षेत्रों में अवैध उत्खनन और परिवहन पर रोक लगाने के लिए लगातार निगरानी बढ़ाई जा रही है। प्रशासनिक टीम की इस कार्रवाई से अवैध रेत कारोबारियों में हड़कंप मचा हुआ है।

# रक्त स्त्राव से गंभीर युवती की अस्पताल लाते समय मौत

**अम्बिकापुर।** अत्यधिक रक्त स्त्राव से गंभीर हुई युवती की अस्पताल लाते समय रास्ते में मौत हो गई। युवक की संदिग्ध हालत में मौत हो जाने पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार बसंतपुर थाना अंतर्गत ग्राम कोटराही निवासी लीलावती आ. नंद कुमार पोया (19 वर्ष) गत दिन अत्यधिक रक्तस्त्राव होने पर उसकी तबीयत ज्यादा खराब हो गई। परिजन युवती को वाड्रफनगर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने युवती की हालत गंभीर होने पर मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवती को मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि युवती का पीरियड चल रहा था और अत्यधिक रक्तस्त्राव होने लगा। युवती की संदिग्ध हालत में मौत होने पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बाइक सहित पुलिया के समीप गिरने से गंभीर युवक की गई जान

रिश्तेदार के यहां से घर लौट रहा बाइक सवार लुंड्रा मुख्य मार्ग स्थित पुलिया के समीप अनियंत्रित होकर गिर गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की शहर के निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार लुंड्रा थाना अंतर्गत ग्राम कोरिमा निवासी अर्जुन तिग्गा आ. मुनेश्वर तिग्गा (38 वर्ष) शनिवार को ग्राम करदोनी निवासी रिश्तेदार के यहां गया था। दोपहर लगभग 3.30 बजे वापस बाइक से घर आ रहा था। जैसे ही बाइक सवार लुंड्रा मुख्य मार्ग पुलिया के समीप पहुंचा तभी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गिर गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। परिजन घायल हो शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान युवक की मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### बीपी बीमारी से परेशान विवाहिता ने लगाई फांसी, मौत

बीपी बीमारी से परेशान विवाहिता ने फांसी लगा ली। परिजन विवाहिता को निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।जानकारी के अनुसार बगीचा थाना अंतर्गत ग्राम समरबाद दुर्गापारा निवासी मंजू सिंह पति आरीफ खान (18 वर्ष) बीपी बीमारी से पीड़ित थी। बीमारी ठीक नहीं होने से विवाहिता परेशान थी। गत दिन घर में फांसी लगा ली। घटना को देख परिजन उसे फांसी से उतार बगीचा अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने विवाहिता की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया। परिजन विवाहिता को शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। मामले में पुलिस ने नायब तहसीलदार की उपस्थिति में मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की मौत

**अम्बिकापुर।** दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम कलगसा निवासी भीम राम आ. टुनूनाथ (41 वर्ष) शनिवार को पिता एवं गांव के मिथुन सहित अन्य लोगों के साथ धान की फसल काटने गया था। भीम धान काट रहा था तभी जहरीले सांप ने उसे डस लिया। घटना की जानकारी भीम ने पिता व साथियों को बताई। इसी बीच साथ गए लोगों ने संजीवनी 108 को फोन कर सूचना दी साथ ही उसे किसी तरह लेकर मुख्य मार्ग तक पहुंचे। परिजन सर्पदंश पीड़ित को एंबुलेंस से तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल लेकर आए जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
हरिभूमि
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

# मसीही समाज ने धूमधाम से मनाया ख्रीस्त राजा पर्व

**अम्बिकापुर।** मसीही समाज द्वारा रविवार को ख्रीस्त राजा पर्व धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर समाज के लोगों द्वारा शहर में भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। शोभा यात्रा उपरान्त विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान पूर्ण किए गए। इस दौरान शोभा यात्रा का जगह जगह स्वागत किया गया और पुष्प वर्षा की गई। बता दें कि क्रिसमस के ठीक एक माह पूर्व मसीही समाज द्वारा ख्रीस्त राजा पर्व मनाया जाता है। ख्रीस्त राजा पर्व को लेकर समाज के लोगों द्वारा बड़े पैमाने पर तैयारियां की जा रही थी। रविवार को धर्म प्रांत के धर्माध्यक्ष विशप डॉ. अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में शोभा यात्रा निकाली गई। नवापारा स्थित महागिरजा से निकाली गई शोभा यात्रा कर्ताराम गली, गांधी चौक, घड़ी चौक, संगम चौक, महामाया चौक, गुरूनानक चौक, गुदरी चौक, जीईएल चर्च, जोड़ा पीपल, आकाशवाणी चौक, उर्सूलाईन, बिषप हाउस से होते हुए संत जेवियर स्कूल प्रांगण मैदान में समाप्त हुई। रैली में सफेद ड्रेस में सजे नन्हे मुन्ने बच्चे व आकर्षक झांकियां विशेष आकर्षण का केंद्र रहे। इस दौरान मसीहिजन नाचते गाते हाथों में लिए झंडियों को लहराते रहे। शोभायात्रा के बाद समस्त धार्मिक अनुष्ठान प्रारम्भ हुए। आज के दिन होने वाले विशेष धार्मिक अनुष्ठान के मुख्य अनुष्ठाता बिशप डॉ. अंतोनिस बड़ा की अगुवाई में नवापारा महागिरिजाघर के पल्ली पुरोहित फादर जार्ज ग्रे कुजूर, फादर एल्फिज व फादर सतीश कच्छप ने संयुक्त रूप से सम्पन्न कराई। इस अवसर पर बिशप अंतोनिस बड़ा ने कहा की लिए हम अपने दिलों और दुनिया में यीशु के सही स्थान को पहचाने यह दिन हमें उनके प्रेम सेवा और विनम्रता के उदाहरण का अनुसरण करने और एक ऐसी दुनिया बनाने की दिशा में काम करने के लिए के लिए है जहां शांति और न्याय का साम्राज्य फले-फूले। रैली में पूर्व महापौर अजय तिर्की, मुन्ना टोप्पो, फादर अनिल एक्का, फादर संतोष, सिस्टर जार्जिना, सिस्टर ममता, संत अन्ना सिस्टर्स, होलिक्रास सिस्टर्स, उर्सुलाइन सिस्टर्स, चैरिटी सिस्टर्स सहित हजारों की संख्या में मसीही समाज महिला, पुरुष, बच्चे, बुजुर्ग शामिल रहे।

- नगर में निकाली गई शोभा यात्रा, जगह जगह हुआ स्वागत





online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
13 फरवरी से 19 फरवरी 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)/माउंट आबू/स्टेच्यू ऑफ यूनिटी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411